www.anokhateer.com | anokhateer@gmail.com | पंजीयन क्रमांक-एमपीएचआईएन 69306/1998

# दैनिक अनोखा तीर

हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित

निशाने पर हर खबर

Epaper

28 जनवरी 2026
हरदा, बुधवार
वर्ष-15, अंक - 234, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
माघ शुक्ल पक्ष - 9
विक्रम संवत् 2082

# पचमढ़ी अभ्यारण्य से अलग होगा पचमढ़ी नगर

### मोहन कैबिनेट देगी मंजूरी, टाइगर रिजर्व में विकास कार्यों के प्रस्ताव भी होंगे मंजूर

अनोखा तीर, भोपाल।

पचमढ़ी नगर को पचमढ़ी अभ्यारण्य से अलग किए जाने को लेकर एक बार फिर कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जाएगा। जिसे आज मोहन सरकार मंजूरी देगी। इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आधार पर पहले भी कैबिनेट फैसला कर चुकी है, लेकिन प्रस्ताव में तकनीकी गलती के चलते पचमढ़ी नगर को अभ्यारण्य से बाहर नहीं किया जा सका था।

इसलिए अब दोबारा प्रस्ताव लाकर पचमढ़ी अभ्यारण्य और पचमढ़ी नगर की सीमा अलग-अलग रखने को मंजूरी मिलेगी। इसके साथ ही टाइगर रिजर्व एरिया में बफर जोन में विकास कार्यों के प्रस्ताव भी मंजूर किए जाएंगे।

गणतंत्र दिवस के बाद हो रही इस पहली कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कैबिनेट के साथियों के साथ दावोस यात्रा के अनुभव साझा करने के साथ वहां मिले निवेश प्रस्तावों की जानकारी भी देंगे। इसके अलावा सरकार की आगामी प्राथमिकताओं पर भी चर्चा होगी।



### इन प्रस्तावों को मिलेगी मंजूरी

- मोहन कैबिनेट की बैठक में आज पचमढ़ी अभ्यारण्य की सीमा में पचमढ़ी नगर की नजूल भूमि को अभ्यारण्य की सीमा से अलग किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी जाएगी।
- वन विभाग के प्रस्ताव पर टाइगर रिजर्व के अंतर्गत बफर जोन के विकास को भी मंजूरी मिलेगी।
- जल संसाधन विभाग के प्रस्ताव पर तवा परियोजना दायीं तट नहर की बागरा शाखा नहर होज सिंचाई परियोजना को मंजूरी मिलेगी।
- तवा परियोजना की दायीं तट नहर से पिपरिया ब्रांच केनाल होज सिंचाई परियोजना को प्रशासकीय स्वीकृति दी जाएगी।
- जनजातीय कार्य विभाग के प्रस्ताव पर 15 परियोजनाएं आगामी वर्षों में चालू रखने को भी मंजूरी मिलेगी।
- सोलहवें वित्त आयोग की अवधि के लिए वर्तमान कार्यक्रम चालू रखने के राजस्व विभाग के प्रस्ताव को भी कैबिनेट मंजूर करेगी।
- पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के प्रस्ताव पर पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक युवतियों को विदेश में रोजगार उपलब्ध कराने की योजना 2022 के नाम व मौजूदा प्रावधानों में संशोधन किए जाने के प्रपोजल को भी मंजूरी मिलेगी।
- कैबिनेट बैठक में सिवनी जिले के सिमरिया गांव में मौजूद खसरा नम्बर 90 की रकबा 0.60 हेक्टेयर भूमि पर वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन का गोदाम बन जाने पर भूमि स्वामी को मुआवजा दिए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी जाएगी।
- सहकारिता विभाग के रिटायर संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार सिन्हा को एक वर्ष की संविदा नियुक्ति दी जाएगी।

## छिंदवाड़ा में चलती ट्रेन दो हिस्सों में बंटी, तीन डिब्बे हुए अलग

- यात्रियों में मच गई थी अफरा-तफरी, टला बड़ा हादसा

अनोखा तीर, भोपाल।

छिंदवाड़ा जंक्शन से होकर गुजरने वाली सिवनी-बैतूल स्पेशल पैसेंजर ट्रेन मंगलवार सुबह एक बड़े हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गई। ट्रेन जैसे ही सुबह करीब 8 बजे छिंदवाड़ा स्टेशन से बैतूल के लिए रवाना होकर रफ्तार पकड़ रही थी, तभी स्टेशन से कुछ ही दूरी पर स्थित चार फाटक के पास तेज आवाज के साथ यात्रियों से भरे तीन डिब्बे इंजन से अलग हो गए।

### यात्रियों में मच गई थी अफरा-तफरी



अचानक हुई इस घटना से ट्रेन में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। कई यात्रियों ने जोरदार झटके महसूस होने की बात कही, वहीं तेज आवाज के चलते कुछ देर के लिए भगदड़ जैसे हालात बन गए। एहतियातन बड़ी संख्या में यात्री ट्रेन से उतर आए और डिब्बे अलग होने की वजह जानने के लिए ट्रैक के किनारे जमा हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यदि यह घटना कुछ दूरी आगे या अधिक गति में होती, तो बड़ा हादसा हो सकता था। सौभाग्य से ट्रेन की रफ्तार कम होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई और सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे विभाग में हड़कंप मच गया। मौके पर रेलवे के करीब एक दर्जन तकनीकी कर्मचारी, इंजीनियरिंग और ऑपरेशन स्टाफ पहुंचा और स्थिति को संभाला।

**कपलिंग में आई खराबी**– प्राथमिक जांच में कपलिंग सिस्टम में तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है। कर्मचारियों ने तत्काल सुधार कार्य शुरू किया और सुरक्षा जांच के बाद डिब्बों को दोबारा जोड़ा गया। करीब आधे घंटे तक ट्रेन मौके पर खड़ी रही। मरम्मत और जांच पूरी होने के बाद रेलवे अधिकारियों ने ट्रेन को आगे के सफर के लिए रवाना करने की अनुमति दी, जिसके बाद ट्रेन अपने गंतव्य बैतूल की ओर रवाना हुई।

## गणतंत्र दिवस पर 'लखपति दीदी' थीम पर जिलों में हुआ झांकी प्रदर्शन

- उज्जैन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया ड्रोन दीदी रूपाली मोदी को सम्मानित

अनोखा तीर, भोपाल।

मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत 26 जनवरी 2026 को पहली बार 'लखपति दीदी' थीम पर मिशन अंतर्गत विभिन्न जिलों में झांकी प्रदर्शित की गई। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलों में आयोजित समारोहों में प्रदर्शित की गई इन झांकियों में अधिकांश जिलों को पुरस्कार मिले हैं।




उज्जैन जिले मे गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तराना विकास खण्ड के डबलाहरदू ग्राम की ड्रोन दीदी श्रीमती रूपाली मोदी को उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए मंच से सम्मानित किया।

**इसी क्रम में जिलों द्वारा झांकी प्रदर्शन किया गया**– 38 जिलों द्वारा इसी विषय पर झांकी निकाली गई। इसमें से 10 जिलों ने प्रथम स्थान, 7 जिलों ने द्वितीय एवं 7 जिलों ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया है।

प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने बाले जिलों में खरगोन, सिंगरोली, पन्ना, ग्वालियर, कटनी, नीमच, सतना, मैहर, शहडोल एवं बालाघाट शामिल हैं। द्वितीय पुरस्कार रायसेन, उज्जैन, मुरैना, लीराजपुर, झाबुआ, देवास एवं रतलाम जिले ने हासिल किया है। तृतीय पुरस्कार सीहोर, बुरहानपुर, नर्मदापुरम, उमरिया, छतरपुर, इंदौर एवं हरदा जिले ने प्राप्त किया है। उल्लेखनीय है कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी आजीविका मिशन श्रीमती हर्षिका सिंह ने जिलों में प्रदर्शित होने बाली झांकियों में मिशन अंतर्गत लखपति दीदी थीम को शामिल करते हुए झांकी प्रदर्शन के लिए निर्देशित किया था।

## सतना कलेक्ट्रेट में कर्मचारी की हार्ट अटैक से मौत

सतना (एजेंसी)।

सतना जिला कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को रघुराजनगर तहसील कार्यालय में पदस्थ एक कर्मचारी संजय मिश्रा का ड्यूटी के दौरान निधन हो गया। वे सेक्शन राइटर के पद पर कार्यरत थे और उनकी मौत हार्ट अटैक से हुई बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे संजय मिश्रा तहसील कार्यालय में अपने नियमित कार्य में व्यस्त थे। इसी दौरान उन्हें अचानक चक्कर आया और वे कुर्सी पर बैठे-बैठे ही बेहोश होकर गिर पड़े। सहकर्मियों ने तत्काल उन्हें संभाला और निजी वाहन से अस्पताल ले जाने की व्यवस्था की।

## शंकराचार्य से सबूत मांगना प्रशासनिक मर्यादा का उल्लंघन

- उमा भारती ने अविमुक्तेश्वरानंद को यूपी सरकार के नोटिस पर बोला हमला

अनोखा तीर, भोपाल।



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 2026 के माघ मेले के दौरान शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच जारी विवाद अब राजनीतिक और धार्मिक दोनों मोर्चों पर गरमा गया है। इस विवाद में मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की वरिष्ठ नेता उमा भारती भी सामने आ गईं हैं और उन्होंने एक ट्वीट के जरिए योगी सरकार तथा प्रशासन की कड़ी आलोचना की है। पिछले कुछ दिनों से प्रयागराज के माघ मेले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और प्रशासन के बीच तनातनी चल रही है। प्रशासन ने अविमुक्तेश्वरानंद से 'शंकराचार्य' होने का कोई प्रमाण/सबूत प्रस्तुत करने को कहा था, जिसे लेकर विवाद और गहरा गया। प्रशासन का कहना है कि मेले के प्राधिकरण ने यह नोटिस इसलिए जारी किया क्योंकि शीर्ष अदालत के आदेश के मुताबिक किसी को 'शंकराचार्य' की उपाधि का उपयोग करने की अनुमति नहीं है जब तक कि विवादित अपील पर फैसला नहीं हो जाता।

## प्रदेश में 4000 मेगावाट की थर्मल पॉवर यूनिट लगेंगी

- सीएम मोहन बोले- जैसे शरीर के लिए प्राण जरूरी वैसे ही राज्य की प्रगति के लिए बिजली



अनोखा तीर, भोपाल।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बिजली का महत्व आज के दौर में ऐसा है जैसे शरीर में प्राण का महत्व है। जिस तरह से जीवन की सभी गतिविधियों के संचालन के लिए शरीर में प्राण आवश्यक है, वैसे ही किसी भी राज्य की प्रगति और उन्नति के लिए पर्याप्त विद्युत उपलब्धता आवश्यक है।

प्रदेश में 60 हजार करोड़ रुपए की लागत से 4 हजार मेगावॉट बिजली उत्पादन के लिए हुए समझौते प्रदेश के स्थाई विकास का आधार बनेंगे। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि इससे प्रदेश में कुल विद्युत उपलब्धता में बढ़ोत्तरी होने के साथ-साथ बिजली की मांग की सौ फीसदी आपूर्ति संभव होगी। डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ओन एंड ऑपरेट (डीबीएफओओ) मॉडल पर स्थापित होने वाले इन नए विद्युत संयंत्रों से लगभग 8000 लोगों को प्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

**मुख्यमंत्री की उपस्थिति में अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर हुए**– सीएम यादव ने ये बातें आज सीएम निवास के समत्व भवन में कहीं। यहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और ऊर्जा विभाग के अफसरों की मौजूदगी में एमओयू साइन किए गए।

## 7 हजार बैंक शाखाओं में कामकाज ठप




अनोखा तीर, भोपाल।

बैंकों में 5 डे वीक वर्किंग यानी, पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह की मांग को लेकर मंगलवार को एमपी के करीब 40 हजार बैंककर्मी हड़ताल पर हैं। इससे बैंकों की 7 हजार से ज्यादा ब्रांच में ताले लटके दिखे। एक ही दिन में लाखों-करोड़ रुपए के कारोबार पर असर पड़ेगा।

- **भोपाल में सरकारी प्रेस के सामने सभा**– भोपाल के एमपी नगर में सरकारी प्रेस के पास पंजाब नेशनल बैंक शाखा के सामने रैली निकालने के बाद सभा आयोजित की गई है। यहां बड़ी संख्या में बैंककर्मी मौजूद हैं।

## गोपाल को ऐसे मिली बाल-गोपालों के इलाज की प्रेरणा....



भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव वैसे तो कई साल से अपने खर्च पर बीमार लोगों का इलाज कराते आ रहे हैं, लेकिन अब उन्होंने अपने भोपाल स्थित बंगले में बच्चों के लिए जो पहल की है, इसे लेकर वे चर्चा में हैं। इसकी प्रेरणा उन्हें परिवार में आई एक विपत्ति से ही मिली। भार्गव के बेटे अभिषेक भार्गव के यहां बिटिया हुई थी, उसके हृदय में छेद था। डॉक्टरों ने कहा था कि इसका ज्यादा दिन तक जीवित रहना मुश्किल है, लेकिन भार्गव परिवार ने हार नहीं मानी।

दिल्ली में उसका इलाज कराया। किस्मत से बिटिया स्वस्थ हो गई। इसके बाद परिवार में चर्चा हुई और उन बच्चों के इलाज कराने का निर्णय लिया गया जो ऐसी बीमारी लेकर पैदा होते हैं और समुचित इलाज के अभाव में जिंदगी पूरी नहीं कर पाते। इसके बाद गोपाल की नातिन वेदिका के नाम पर वेदिका फाउंडेशन का गठन हुआ और बाल-गोपालों के इलाज का सिलसिला शुरू हुआ। एक साल में ही गंभीर किस्म के चार बच्चों का सफल इलाज हो चुका है। बच्चे बाहर जाकर परेशान न हो इसलिए भार्गव ने बंगले के एक कमरे को खेल खिलौने के साथ सुसज्जित कराया। दूसरों का दर्द अपने जैसा महसूस करने के कारण ही यह नेक कार्य संभव हो सका। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने किया और कहा कि अन्य विधायकों को भी भार्गव की इस पहल से प्रेरणा लेना चाहिए।

## राज-काज



– दिनेश निगम 'त्यागी'

## तय हो गया एक दलित, एक आदिवासी मंत्री का जाना....!

प्रदेश में अब तक राज्य मंत्रिमंडल में प्रस्तावित फेरबदल नहीं हो सका बावजूद इसके दो मंत्रियों की रवानगी तय बताई जा रही है। ये मंत्री उस वर्ग से आते हैं, जिनके खिलाफ कार्रवाई से भाजपा नेतृत्व बचता और डरता है। इनमें एक हैं दलित वर्ग की प्रतिमा बागरी और दूसरे आदिवासी वर्ग के विजय शाह। बागरी के कारण सरकार और संगठन की पहले ही काफी किरकिरी हो चुकी है और शाह को लेकर सुप्रीम कोर्ट की ताजा टिप्पणी के कारण सरकार फंस गई है। कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर की गई टिप्पणी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शाह की माफी अस्वीकार कर दी है और सरकार को निर्देश दिया है कि वह उनके खिलाफ प्रकरण चलाने को लेकर दो हफ्ते में फैसला ले। राज्य सरकार इस मसले पर कानूनी राय ले रही है। पर अब तक के कोर्ट के रुख को देखकर नहीं लगता कि शाह के मसले पर वह कोई दलील सुनने वाली है। भाजपा नेतृत्व ऐसे मसलों को ठंडा कर निबटाता है। इसीलिए प्रतिमा बागरी और विजय शाह को मंत्रिमंडल से बाहर करने का निर्णय लगभग ले लिया गया है। इनके स्थान पर दलित-आदिवासी वर्ग के ही विधायकों को जगह दी जाएगी। संगठन के अंदर वैकल्पिक नामों पर विचार भी चल रहा है। मंत्रिमंडल में फेरबदल के दौरान ही यह होगा ताकि कार्रवाई हो जाए और दलित-आदिवासी वर्ग में भाजपा के खिलाफ मैसेज भी न जाए।

### अब यहां भाजपा की मुसीबत बना अपनों का विवाद....

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ के गढ़ को भेदने में भाजपा नेतृत्व को बड़े पापड़ बेलने पड़े हैं। नतीजे में लोकसभा चुनाव में नकुलनाथ को पराजय का सामना करना पड़ा और भाजपा के बंटी साहू ने जीत दर्ज की। इतना ही नहीं लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने कमलनाथ के विश्वसनीय आदिवासी विधायक कमलेश शाह को तोड़ने में कामयाबी हासिल कर ली थी। यह बात अलग है कि उप चुनाव में जीत के बावजूद भाजपा शाह को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं कर सकी। भाजपा की इस कामयाबी पर पार्टी के अपने ही ग्रहण लगा रहे हैं। जिलाध्यक्ष शेषराज यादव और सांसद बंटी साहू के बीच विवाद पार्टी के लिए मुसीबत बन गया है। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने इस विवाद को सागर के भूपेंद्र सिंह-गोविंद राजपूत की तर्ज पर निबटाने की कोशिश की है। खंडेलवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने दोनों को भोपाल स्थित पार्टी कार्यालय में तलब किया। साथ बैठाकर बातचीत कराई गई और पार्टी की एकता बनाए रखने का सख्त अल्टीमेटम दिया गया। बता दें, सांसद साहू और जिलाध्यक्ष यादव के बीच मतभेद खुलकर सामने आ चुके हैं। जिलाध्यक्ष की बैठकों में सांसद शामिल नहीं हो रहे, जबकि यादव सांसद के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं। यह विवाद जिला कार्यकारिणी गठन, पदों के बंटवारे और संगठनात्मक फैसलों को लेकर गहरा गया था।

## मुख्य सचिव, सरकार पर भारी पड़ गए ये तीखे तेवर....



प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कलेक्टर-कांफ्रेंस बैठक की समीक्षा के दौरान क्या कहा, यह वे खुद और सुनने वाले अफसर ही बता सकते हैं लेकिन जो खबर सुर्खियों में आई, उससे सरकार की किरकिरी हो गई। कांग्रेस को भी सरकार पर हमला करने का अवसर मिल गया। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ समूची कांग्रेस ने जैन के बयान के आधार पर सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया। बैठक में मुख्य सचिव के तेवर तीखे थे, वे उनके साथ सरकार पर भारी पड़ गए। उन्होंने कहा था कि उन्हें, मुख्यमंत्री, यहां तक कि पीएमओ को भी कलेक्टरों की हर एक्टिविटी की जानकारी है। कलेक्टरों के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायते हैं। जैन ने हिदायत दी कि वे अपने आचरण संयमित रखें और किसी तरह की शिकायत की स्थिति न आने दें। प्रचार ऐसा हो गया कि मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव से कहा था कि प्रदेश का कोई कलेक्टर बिना रिश्वत लिए काम नहीं करता और उन्होंने यह बात कलेक्टरों से कह दी। भला सरकार का प्रशासनिक मुखिया यह बात कैसे कह सकता है? पर मार्केट में यह बात फैल गई। खास बात यह है कि मुख्यमंत्री के विदेश दौरे के दौरान यह बैठक हो रही थी। इसे लेकर डैमेज कंट्रोल की कोशिश की गई लेकिन तीर कमान से निकल चुका था। लिहाजा, कोई खास फायदा नहीं हुआ। अब कांग्रेस ने भ्रष्टाचार को लेकर सरकार के खिलाफ अभियान चला रखा है।

## महू में भी जहरीले पानी ने खोली व्यवस्थाओं की पोल....

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी के शिकार लोगों की मौत का सिलसिला अभी थमा भी नहीं और इसी जिले के महू से जहरीले पानी से तबाही की खबर आ गई। भागीरथपुरा में दूषित पानी से अब तक 28 मौतें हो चुकी हैं। इसे लेकर भाजपा की राष्ट्रीय स्तर पर किरकिरी हुई है। इसलिए भी क्योंकि इंदौर स्वच्छता के मामले में कई साल से पहले



पुरस्कार जीत रहा है। देश भर में इस आवार्ड की विश्वसनीयता पर सवाल उठने लगे हैं। हाईकोर्ट की इंदौर पीठ में इसे लेकर सुनवाई चल रही है। नगर निगम संतोषजनक जवाब नहीं दे पा रहा है। इंदौर में साफ पेयजल उपलब्ध कराने की जीतोड़ कोशिश हो रही है। दर्जनों टीमें पानी की जांच कर उसे शुद्ध करने में लगी हैं। इन सारे प्रयासों पर तब प्रश्नचिंह खड़े हो गए जब इंदौर जिले के ही महू में दूषित पानी से लोगों के अस्पताल पहुंचने का सिलसिला प्रारंभ हो गया। पहले ही दिन 6 बच्चों समेत 25 लोग मध्य भारत अस्पताल में भर्ती हो गए। प्राथमिक जांच में पता चला है कि अधिकांश लोगों को पीलिया हुआ है। इसके पीछे की वजह दूषित पानी की सप्लाई को ही बताया जा रहा है। महू अब अंबेडकर नगर के नाम से जाना जाता है। यह कस्बा बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की जन्मस्थली होने के कारण चर्चा में रहता है। हालात देख कर लगता है कि यहां भी लोगों को साफ पेयजल नहीं मिल पा रहा है।

## सार-समाचार

### बरखेड़ी में मूर्ति खंडित होने का मामला

## पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरु की जांच



**अनोखा तीर, रहटगांव।** रहटगांव थाने के अंतर्गत आने वाले बरखेड़ी में सोमवार रात्रि को भगवान भोले नाथ की मूर्ति खंडित होने की जानकारी मिली। जैसे ही ग्रामीणों को इस घटना की जानकारी हुई, उन्होंने बजरंग दल को सूचना दी। इसके बाद बजरंग दल के साथ थाने में सूचना मिलने पर थाना प्रभारी मनोज दुबे अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। बजरंग दल के सुरक्षा प्रमुख विनय गौर ने बताया कि जिले में लगातार हिंदू मंदिरों में मूर्तियों को खंडित और तोड़फोड़ किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि यदि उचित कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन ठोस कदम उठाएगा। वहीं मंगलवार दिनभर पुलिस की ड्यूटी बरखेड़ी में रही और विभिन्न व्यक्तियों से इस संबंध में पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी मनोज दुबे ने बताया कि बरखेड़ी में मूर्ति खंडित होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है और जल्द ही इस मामले का खुलासा किया जाएगा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल



**अनोखा तीर, रहटगांव।** मंगलवार को रहटगांव के पास जूनापानी में अर्चालाल पिता ताराचंद्र चौहान निवासी ग्राम गुठानिया को शाम करीब 6 बजे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घटना की सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल (डायल 112) को मिली। सूचना मिलते ही रहटगांव तैनात फास्ट रिस्पांस व्हीकल मौके पर पहुंची। जिसमें तैनात पुलिस आरक्षक विजय बकोरिया और पायलट पवन त्रिपाठी ने घायल व्यक्ति को समय रहते उठाकर रहटगांव अस्पताल में भर्ती कराया।

## कहार समाज का गुरु दीक्षा एवं सम्मान समारोह संपन्न

**अनोखा तीर, टिमरनी।** कहार समाज का गुरु दीक्षा एवं सम्मान समारोह 25 जनवरी को यादव गार्डन, टिमरनी में सम्पन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संतश्री गोपाल नंदगीरी महाराज (श्री धाम बृंदावन) रहे। उन्होंने जल वंश, निषाद वंश, महर्षि कश्यप एवं सनातन धर्म पर विस्तार से प्रकाश डाला और सनातन धर्म की पुज्य गौ माता की सेवा के पुण्य लाभ बताए। साथ ही समाज की एकजुटता पर जोर देते हुए कई उदाहरण भी दिए, जिनके वकतव्य को श्रद्धालुओं ने मंत्रमुग्ध होकर सुना। विशेष अतिथि म.प्र. फिशरमेन कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सदाशिव भवरिया ने अपने संबोधन में वर्षों से चली आ रही आरक्षण की लड़ाई पर सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि आज तक समाज को सरकार की तरफ से सिर्फ आश्वासन



ही मिले हैं। यदि आगामी चुनाव तक आरक्षण पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो समाज को इस पर गहन चिंतन करना चाहिए। उन्होंने समाज में चल रही फिजूलखर्ची पर रोक लगाने पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में श्री शंकर मंदिर अखिल मध्य भारतीय कहार मंडल ट्रस्ट हंडिया के अध्यक्ष कमल सिंह सिसोदिया तथा समस्त ट्रस्ट की समिति के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामबिलास कहार रिटायर्ड अधिकारी एवं समाजसेवी ने की। कहार महासंघ राष्ट्रीय संगठन, जिला हरदा की टीम भी मौजूद रही। विगत तीन वर्षों से कार्यरत जिला अध्यक्ष अनिल नायर के समाजहित के कार्यों की सभी ने सराहना की। संगठन ने उनकी पदोन्नति करते हुए उन्हें नर्मदापुरम संभाग सचिव की कमान सौंपी। वहीं वर्तमान जिला उपाध्यक्ष राजेश मांझी को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही अनिल चौहान को टिमरनी तहसील अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। नियुक्ति पत्र संगठन मंत्री राकेश डोले, संभाग अध्यक्ष विजेश राजगिरे और उपाध्यक्ष सूरज वावने ने प्रदान किए। कार्यक्रम में जिले के मेधावियों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों, स्काउट गाइड और कराटे में नेशनल एवं इंटरनेशनल गोल्ड मेडलिस्ट विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही दशरथ मांझी को पुरूकार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मछुआरा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक प्रोफेसर दीपक बिबरिया, फिशरमेन कांग्रेस के प्रदेश कोषाध्यक्ष बंटी वर्मा, जिला अध्यक्ष सुनील केवट, मांझी महासभा के जिलाध्यक्ष दिनेश चंदेवा, कहार समाज हरदा के उपाध्यक्ष गुड्डू शारदे, विशेष सहयोगी अरुण नायर सहित समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं समाजसेवी उपस्थित रहे और इस आयोजन को सफल बनाया।

## गिरनार महातीर्थ में नव्वाणु यात्रा पूर्ण, खिरकिया की दो श्राविकाएं हुईं शामिल

**अनोखा तीर, खिरकिया।** खिरकिया के ऋषभ सत्कार परिवार ने कठिन तप और दुष्कर पहाड़ चढ़ाई के साथ नव्वाणु यात्रा सफलतापूर्वक पूर्ण की। यह यात्रा गुरु भगवंत के सानिध्य में सम्पन्न हुई, जिसमें नगर की दो श्राविकाएं भी शामिल रहीं। गिरनार महातीर्थ जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर भगवान श्री नेमनाथ जी की 3 कल्याणक दीक्षा कल्याणक, निर्वाण कल्याणक और मोक्ष कल्याणक की पावन भूमि मानी जाती है। इस पर्वत की ऊँचाई समुद्री तट से 3700 फीट है और इसे लगभग 10000 सीढ़ियां चढ़कर पूरा किया जाता



है। इस यात्रा को नव्वाणु 99 तीर्थ यात्रा कहा जाता है, जिसमें तीर्थयात्री रैवतगिरि, गिरिराज गिरनार की 108 यात्राओं या 99 बार मुख्य यात्रा का लक्ष्य रखते हैं। इसमें पर्वत के पवित्र स्थलों की वंदना और दादा नेमनाथ की विशेष पूजा की जाती है। यह यात्रा कर्मों की निर्जरा, आत्मशुद्धि और मोक्ष की प्राप्ति के लिए की जाती है और इसे जीवन बदलने वाला अनुभव माना जाता है। यह यात्रा शारीरिक और मानसिक शक्ति की परीक्षा लेती है और इसे सामूहिक आयोजन के रूप में भी किया जाता है। इस बार के सामूहिक आयोजन में आचार्य भगवंत की प्रेरणा से समाज के श्रेष्ठीवर्य परिवार ने पूर्ण खर्च/व्यय का लाभ संघपति बनकर प्राप्त किया। जिनशासन में नव्वाणु यात्रा करने की प्रेरणा भी दी गई और ऐसे सामूहिक धार्मिक आयोजन में संघपति बनकर पुण्यलाभ प्राप्त करने की महिमा बताई गई।

## गणतंत्र दिवस पर रहटगांव में विभिन्न शासकीय परिसरों में हुआ झंडा वंदन



**अनोखा तीर, रहटगांव।** सोमवार को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्षेत्र के सभी शासकीय परिसरों में झंडा वंदन किया गया। ग्राम पंचायत रहटगांव सहित जनता भवन के सामने पुराने निर्धारित स्थान पर झंडा वंदन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच सुमित्रा सुरज रंगीले, उपसरपंच शिवानी मनीष गौर, सचिव रामशंकर चौहान, सहायक सचिव भुरमल सोलंकी सहित पंच एवं ग्रामीण मौजूद रहे। झंडा वंदन के बाद प्रसादी वितरण किया गया। कार्यक्रम में स्कूल भूमि दानदाता गोविंद पालीवाल भी उपस्थित रहे। जानकारी के अनुसार बिजली विभाग में सहायक यंत्री तरुण वर्मा के सानिध्य में झंडा वंदन किया गया। शासकीय एलएन पालीवाल तथा शासकीय काशीबाई बालिका स्कूल में प्रभारी प्राचार्य मनोज मिंज और सिद्धार्थ जोशी के सानिध्य में झंडा वंदन संपन्न हुआ। स्थानीय थाना परिसर में थाना प्रभारी मनोज दुबे के सानिध्य में झंडा वंदन किया गया। इसी तरह रहटगांव रेंज में रेंजर पीएल धुर्वे, टेमागांव रेंज में रेंजर डीपी गोस्वामी तथा बोरपानी रेंज में रेंजर नीता शाह द्वारा झंडा वंदन किया गया। स्थानीय कोऑपरेटिव बैंक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं तहसील परिसर में तहसीलदार देवशंकर धुर्वे तथा नायब तहसीलदार रस्मि धुर्वे के सानिध्य में झंडा वंदन हुआ। अन्य संस्थाओं में भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडा वंदन किया गया। क्षेत्र की स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्थानीय एलएन पालीवाल हाइस्कूल में छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम, भाषण एवं नृत्य प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर भूमि दानदाता गोविंद पालीवाल द्वारा बच्चों को पारितोषिक प्रदान किया गया।



### राष्ट्रीय मतदाता दिवस

# 'माय भारत माय वोट' थीम के साथ आदर्श महाविद्यालय में युवाओं को जोड़ने की सक्रिय पहल

**अनोखा तीर, हरदा।**

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर 'मेरा युवा भारत' हरदा, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आदर्श महाविद्यालय हरदा में 'माय भारत माय वोट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया में युवाओं, विशेषकर प्रथम बार मतदान करने वाले मतदाताओं की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करना रहा। जिला युवा अधिकारी मोनिका चौधरी ने बताया कि 27 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पदयात्रा 2026 का आयोजन किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम 'माय भारत माय वोट' रखी गई। पदयात्रा एवं कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर आदर्श महाविद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, कृषि स्थाई समिति के सभापति ललित पटेल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विजय जेवल्या, आदर्श महाविद्यालय प्राचार्य आविद अली, यातायात थाना हरदा महेश शर्मा, पत्रकार लोमेश गौर तथा जिला जेल हरदा से माखन सिंह वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर बताया गया कि






यह आयोजन एक देशव्यापी युवा सहभागिता अभियान का हिस्सा है, जिसके माध्यम से युवाओं को जागरूक, नैतिक एवं सक्रिय मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान दोहित गौर ने काव्य पंक्तियों के माध्यम से मतदान के महत्व को रेखांकित किया।

वहीं तिनका सामाजिक संस्था द्वारा युवाओं को सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता को शारीरिक फिटनेस एवं सामुदायिक सहभागिता से जोड़ा गया, ताकि राष्ट्रीय मतदाता दिवस को युवाओं के नेतृत्व में जन आंदोलन का स्वरूप दिया जा सके। पदयात्रा में 'मेरा युवा भारत' के स्वयंसेवकों एवं प्रथम बार मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी रही।

## गुणग्राही बनना है तो दूसरों के गुण देखें, अवगुण नहीं : साध्वी उज्जवल प्रभा

अनोखा तीर, हरदा। रामलाल म.सा. की आज्ञानुवर्तिनी शासन दीपिका साध्वी उज्जवल प्रभा श्रीजी म.सा., साध्वी प्रीयता श्रीजी म.सा. एवं साध्वी मणामगंघा श्रीजी म.सा. ठाणा का 27 जनवरी, सोमवार को छोटी हरदा (जिला हरदा) में भगत रामेश्वर जाट के निवास पर आगमन हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए साध्वी उज्जवल प्रभा श्रीजी म.सा. ने कहा कि हमें कर्म शत्रुओं पर विजय प्राप्त करनी है। क्रोध, मान, माया, लोभ, राग, द्वेष, अहंकार और ममत्व ये सभी हमारे आंतरिक कर्म शत्रु हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को सदैव ध्यान और आराधना में रत रहना चाहिए, लेकिन अक्सर व्यक्ति दुख में ही भगवान को याद करता है और सुख में भूल जाता है। साध्वीजी ने उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि हमें गुणग्राही बनना है, अर्थात दूसरों के गुणों को देखना है, उनके दुर्गुणों को नहीं। इस अवसर पर साध्वी प्रीयता श्रीजी म.सा. एवं साध्वी मणामगंघा श्रीजी म.सा. ने भजनों की सुंदर अभिव्यक्ति प्रस्तुत कर सभी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में श्वेतांबर जैन श्री संघ के आशीष समदड़िया ने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि साध्वी उज्जवल प्रभा श्रीजी म.सा. के संयम के 37 वर्ष पूर्ण होने पर तथा साध्वी मणामगंघा श्रीजी म.सा. के सूरत में दीक्षित होने के बाद एवं साध्वी प्रीयता श्रीजी म.सा. का एक वर्ष पूर्व मात्र एक दिन का खिरकिया श्री संघ को प्राप्त सानिध्य, पयुर्षण पर्व जैसा वातावरण लेकर आया था। उन्होंने कहा कि आपका सानिध्य खिरकिया श्री संघ के लिए ज्ञान, ध्यान, तप, त्याग, आराधना और साधना से सुसज्जित रहेगा। इस अवसर पर विहार सेवा अनमोल सेवा का लाभ श्वेतांबर जैन श्री संघ खिरकिया के मोहनप्रसाद सोनी, आशीष समदड़िया, रत्ना समदड़िया, पारस चौरडिया, कार्तिक चौरडिया तथा हरदा से राजकुमार बाफना यादव एवं विहार सेवक विशाल भाई सहित रामेश्वर जाट के परिजनों द्वारा लिया गया। सायंकाल विहार कर साध्वीजी हरदा जैन स्थानक भवन में पधारे।

## महर्षि ज्ञानपीठ में धूमधाम व गरिमा के साथ मनाया गणतंत्र दिवस





**अनोखा तीर, हरदा।** महर्षि ज्ञानपीठ हायर सेकेंडरी स्कूल में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास, अनुशासन एवं देशभक्ति के वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 8.30 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई। ध्वजारोहण के पश्चात विद्यालय परिसर में राष्ट्रगान गूंज उठा, जिससे समूचा वातावरण देशप्रेम से ओत-प्रोत हो गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा विविध एवं आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, प्रेरणादायक प्रस्तुतियाँ एवं संदेशात्मक कार्यक्रमों ने सभी उपस्थितजनों का मन मोह लिया। बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास देखकर न केवल विद्यार्थी बल्कि उपस्थित अभिभावक भी भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. विशाल बघेल, डॉ.शिरीष अग्रवाल, देवेंद्र दुआ, राम नेमा, अंजू भायरे, श्वेता राजपूत एवं मनन सिंह राजपूत विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए गणतंत्र दिवस के महत्व, संविधान की गरिमा एवं नागरिक कर्तव्यों पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्था की प्रिंसिपल श्रीमती कामना राजपूत ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की वर्षभर की शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्था का बोर्ड कक्षाओं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि कक्षा 12वीं के विद्यार्थी अल्ताफ खान ने जिले की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर संस्था का नाम गौरवान्वित किया। प्रिंसिपल श्रीमती कामना राजपूत ने यह भी बताया कि महर्षि ज्ञानपीठ केवल शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि खेलकूद के क्षेत्र में भी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। संस्था के कई विद्यार्थी विभिन्न खेलों में राज्य स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं, जो विद्यालय की गतिविधि-आधारित शिक्षा प्रणाली की सफलता को दर्शाता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षकों, स्टाफ एवं विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा। महर्षि ज्ञानपीठ में मनाया गया यह गणतंत्र दिवस समारोह सभी के लिए प्रेरणादायक, गौरवपूर्ण एवं स्मरणीय बन गया।

## नर्मदा जयंती पर भजन संध्या का आयोजन, देर रात तक झूमते रहे श्रद्धालु



**अनोखा तीर, मसनगांव।**

नर्मदा जयंती के उपलक्ष्य में ग्राम के राधा कृष्ण मंदिर में 'एक शाम मां रेवा के नाम' भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में भजन गायक अनूप यादव लोहारदा, राहुल यादव रोलगांव एवं दुर्गेश मालवीय द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी गईं। रात करीब 8 बजे से प्रारंभ हुई भजन संध्या देर रात तक चलती रही, जिसमें श्रद्धालुओं ने भजनों पर जमकर नृत्य किया।

भजन गायक अनूप यादव ने मां नर्मदा तथा निमाड़ के प्रसिद्ध संत सिंगाजी महाराज के भजनों की जोरदार प्रस्तुति दी, जिस पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय राधा कृष्ण मंदिर परिसर में किया गया, जहां नर्मदा जयंती उत्सव समिति द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पहार एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया।

# पांच दिवसीय कार्य दिवस की मांग को लेकर बैंककर्मियों की हड़ताल: बैंकों में लटका रहा ताला

**अनोखा तीर, हरदा।** पांच दिवसीय कार्य दिवस की मांग को लेकर बैंक कर्मियों की हड़ताल के चलते मंगलवार को अधिकांश बैंकों में ताला लटका रहा। मंगलवार को बैंक बंद रहने के कारण लगातार चार दिन तक बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रहीं, जिससे ग्राहकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जिला मुख्यालय पर बैंक ऑफ इंडिया हरदा के सामने बैंक कर्मियों ने पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। मध्य प्रदेश बैंक एम्पलाइज संगठन हरदा के जॉइंट सेक्रेटरी कुलदीप ओझा ने बताया कि मंगलवार को प्रदेश की करीब 7000 बैंक शाखाएं बंद रहीं तथा लगभग 40 हजार अधिकारी और कर्मचारी हड़ताल पर रहे। बैंक कर्मियों की मांग है कि बैंकिंग उद्योग में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने के लिए केंद्र सरकार मंजूरी दे तथा शेष सभी शनिवारों को भी अवकाश घोषित किया जाए। कुलदीप ओझा ने बताया कि यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंकिंग यूनियंस लंबे समय से बैंकिंग क्षेत्र में सप्ताह में पांच कार्य दिवस लागू करने




की मांग करता आ रहा है। वर्ष 2015 में हुए दसवें द्विपक्षीय समझौते के बाद सातवें जॉइंट नोट में भारतीय बैंक संघ और केंद्र सरकार द्वारा इस पर सहमति व्यक्त की गई थी, जिसके तहत प्रत्येक माह के दूसरे और चौथे शनिवार को अवकाश घोषित किया गया तथा अन्य शनिवारों को आधे दिन की बजाय पूर्ण कार्य दिवस रखा गया। उस समय भी यह आश्वासन दिया गया था कि शेष शनिवारों को अवकाश घोषित करने की मांग पर उचित समय पर विचार किया जाएगा, लेकिन यह मुद्दा अब तक लंबित है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में हुई चर्चा के बाद यह सहमति बनी थी कि सोमवार से शुक्रवार के कार्य घंटे प्रतिदिन 40 मिनट बढ़ाए जाएंगे और शेष शनिवारों को अवकाश घोषित किया जाएगा। यह प्रस्ताव विधिवत सरकार को भेजा गया, लेकिन पिछले दो वर्षों से इस पर सरकार की स्वीकृति लंबित है। धरना प्रदर्शन में कुलदीप ओझा, जितेंद्र, प्रतीक मिश्रा, कपिल देशकर, कंचन, ज्योति, वंदना, अर्पित, परवेज, भूपेंद्र सहित विभिन्न बैंकों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गंजाल नदी पर पुल बनाने के लिए जल्द प्रयास करेंगे : सांसद चौधरी

**अनोखा तीर, हरदा।**





ग्राम भादूगांव में गंजाल नदी पर पुल बनाने के लिए जल्द ही प्रयास किए जाएंगे। इस पुल के निर्माण के लिए शासन-प्रशासन को पत्र लिखकर अवगत कराया जाएगा। ताकि नर्मदापुरम और हरदा जिले के 50 से अधिक गांव सीधे जुड़ सकें और आवागमन सीधा हो सके। यह बात नर्मदापुरम -नरसिंहपुर के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने सोमवार को गांव में आयोजित सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें शाल, श्रीफल, साफा और पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया। विशेष अतिथि मध्य प्रदेश कुटकुट विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त शैतान सिंह पाल भी मौजूद रहे। पाल ने कहा कि भादूगांव गंजाल नदी पर पुल बनाए जाने की मांग ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस पुल के निर्माण से किसानों और स्कूली बच्चों को लाभ मिलेगा। गंजाल नदी के उस पार सिवनी मालवा विधानसभा के अधिकतर गांव स्थित हैं, जिनका भादूगांव से ही आना-जाना होता है। हॉट बाजार के साथ ही बच्चे पढ़ने के लिए स्कूल भी यहीं आते हैं, जिन्हें नदी पार कर पानी में से निकलना पड़ता है। बारिश में अधिक परेशानी होती है। पाल ने कहा कि इस पुल के निर्माण से नर्मदापुरम और हरदा आपस में एक राष्ट्रीय राजमार्ग और एक स्टेट हाईवे से जुड़ जाएंगे, जिससे आने वाले समय में व्यापार को गति मिलेगी। सांसद दर्शन सिंह चौधरी गांव के गौमुख मठ रामजानकी मंदिर परिसर में चल रही रामकथा एवं यज्ञ में भी शामिल हुए। इस दौरान रामजानकी गौमुख मठ के महंत महामंडलेश्वर ओंमकार दास महाराज, मनोहरदास महाराज, भाजपा नेता संतोष पारीख, भरत सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष अतुल बारंगे, संतोष गौर, सरपंच रामदीन गीते, विजय सिंह सावनेर, राधेश्याम गौर, नवनीतराम पटेल, राधेश्याम डूडी, सत्यनारायण गौर, विकास तिवारी, अनिल किरार सहित बड़ी संख्या में साधु-संत, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीणजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रामकृष्ण गौर ने किया, वहीं आभार मुकेश गौड़ ने माना।

### किरार समाज ने सांसद चौधरी का किया सम्मान

किरार समाज के लोगों ने राज्य शिक्षक संघ के सहयोग से सांसद दर्शन सिंह चौधरी का भादूगांव और क्षेत्र में प्रथम आगमन होने पर सम्मान किया। यह सम्मान गांव के पटेल परिवार के निवास पर किया गया। इस दौरान सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने सामाजिक लोगों से समाज हित में कार्य करने की बात कही। इस दौरान निशांत पाठक, हरगोविंद गौर, राजेश यादव, दशरथ पाल, सुधीर जैन, श्रवण गौर, नर्मदा पाल, दीनदयाल गौर, करतार सिंह राजपूत, ज्ञान दास वर्मा, महेश भाटी, अश्विन चौहान, आत्माराम सांखला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



## भीमराव अंबेडकर उत्कृष्ट विद्यालय छात्रावास में विदाई समारोह आयोजित



**अनोखा तीर, हरदा।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर भीमराव अंबेडकर उत्कृष्ट विद्यालय छात्रावास, हरदा में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा ग्यारहवीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने कक्षा बारहवीं में अध्ययनरत अपने वरिष्ठ सहपाठियों को हर्षोल्लास के साथ नवीन जीवन पथ पर आगे बढ़ने की शुभकामनाओं के साथ विदाई दी। आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, पार्षद मनोज, रानी बघेल, जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी, ओ.एस. महाजन, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एस.के. यादव, कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल हरदा की प्राचार्य मंजूलता खरे, शासकीय हाई स्कूल रन्हाईकला की प्राचार्य शैलीवाला पाराशर, हाई स्कूल रहटाकला के प्राचार्य डी.के. साहू, गजराज सिंह जिला संगठन आयुक्त सहित हायर सेकेंडरी स्कूल हरदा का समस्त स्टाफ विशेष रूप से उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन छात्रावास वार्डन पुरुषोत्तम राठौर द्वारा किया गया।

# जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

## ● कलेक्टर जैन ने ध्वज वंदन कर परेड की सलामी ली

अनोखा तीर, हरदा।

गणतंत्र दिवस हरदा जिले में समारोह पूर्वक मनाया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम नेहरू स्टेडियम में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर झंडा वंदन किया और इस दौरान आयोजित परेड की सलामी ली। उन्होंने इस दौरान रंग बिरंगे गुब्बारे छोड़े। कलेक्टर ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन किया तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व लोकतंत्र रक्षकों को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों और खिलाड़ियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विधायक डॉ. आर.के. दोगने, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह, उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती राजू कमेडिया, नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा, पुलिस अधीक्षक शशांक, वनमण्डलाधिकारी एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंजली जोसेफ जोनाथन सहित विभिन्न अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।





### बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

गणतंत्र दिवस पर स्कूली विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री जैन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में जोनर एजुकेशन सिस्टम हरदा ने प्रथम, द फाउण्डेशन ऑफ एजुकेशन ने द्वितीय व संस्कार विद्या पीठ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा सरस्वती विद्या मंदिर हरदा व शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा के विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम में अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दी।

### शासकीय योजनाओं व उपलब्धियों की जानकारी देती झाकियां

इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी देने वाली झांकियां प्रदर्शित की गई। झांकियों में प्रथम पुरस्कार कृषि विभाग की झांकी को, द्वितीय पुरस्कार वन विभाग की झांकी को तथा तृतीय पुरस्कार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की झांकी को दिया गया। कार्यक्रम में इन विभागों के अलावा होमगार्ड, स्वास्थ विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, उद्यानिकी विभाग व स्कूल शिक्षा विभाग ने अपनी झांकियां प्रस्तुत की।

**कलेक्टर ने शहीद गेलरी का किया अवलोकन** -कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पालिका कार्यालय परिसर में स्थित शहीद गेलरी का अवलोकन किया व देश की आजादी के लिये प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों के प्रति श्रद्धांजली अर्पित की। इस अवसर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती कमेड़िया अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कलेक्टर श्री जैन ने शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थित महापुरूषों की प्रतिमाओं पर भी माल्यार्पण किया।

## सार-समाचार

### फ्रेंड्स ग्रुप के कलाकारों ने दी गीतों की प्रस्तुति

**अनोखा तीर, हरदा।** मां नर्मदा जयंती एवं 77 वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर स्थानीय प्रताप टाकीज परशुराम चौक पर फ्रेंड्स ग्रुप हरदा के कलाकारो द्वारा भजन एवं भक्ति गीत की शानदार प्रस्तुति दी। सर्वप्रथम मां नर्मदा एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मुकेश विश्वकर्मा ने मां नर्मदा का



नर्मदाष्टक गाया। इसके पश्चात डॉ संजय शर्मा ने देखो वीर जवानों, मेरे देश प्रेमियो ,यह देश है वीर जवानों का, जीतेंद्र रोडके ने है रे कन्हैया किसको कहेगा तो मैया, प्रमोद दुबे ने कर चले हम फिदा जान तन साथियो, मिथुन कलोसिया ने तेरी मिट्टी में मिल जावा, रितेश सैनी ने कलयुग बैठा मार कुंडली, संकेत श्रीवास्तव ने ऐ मेरे प्यारे वतन, दीपक गौर ने संदेशे आते हैं जैसे गीत एवं भजनों की एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति दी गई। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत फ्रेंड्स ग्रुप हरदा की ओर से देश की फौज में सेवा दे चुके विपिन शर्मा ,दिलीप राजपूत वेदप्रकाश बिल्लोरे इन तीनों सैनिकों का शॉल-श्रीफल एवं माला पहनाकर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नितेश बादर एवं रिटायर्ड शिक्षक वीके दुबे ने की । फ्रेंड्स ग्रुप हरदा के कलाकारों द्वारा अतिथियों का भी सम्मान किया गया । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित थे । जिसका संचालन दीपक गौर ने किया। वहीं अंत में डॉ संजय शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### ब्राह्मण समाज के बुजुर्गों को निःशुल्क धार्मिक यात्रा पर किया रवाना

**अनोखा तीर, हरदा।** आज हरदा से ब्राह्मण समाज के बुजुर्ग महिला एवं पुरुषों को हीरापुर सरपंच साधना मनीष व्यास द्वारा नि :शुल्क धार्मिक यात्रा पर रवाना किया गया। इस यात्रा के अंतर्गत खाटू श्याम, सालासर बालाजी, जीण माता, मेहंदीपुर बालाजी, पुष्कर, सांवरिया सेठ, पशुपतिनाथ तथा उज्जैन के दर्शन कराए जाएंगे। यात्रा में मनीष व्यास के



साथ सर्व ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष सुनील तिवारी भी शामिल हैं, जिनके माध्यम से लगभग 50 श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए हरदा से ले जाया गया। यात्रियों के सम्मान एवं विदाई अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अध्यक्ष नितेश बादर, सर्व ब्राह्मण समाज के कार्यवाहक अध्यक्ष ओमप्रकाश पुरोहित, रोहित तिवारी, युवक संघ अध्यक्ष विवेक बादर, प्रशांत शर्मा, संतोष व्यास सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे। सभी धार्मिक यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं का दुपट्टा पहनाकर एवं तिलक लगाकर स्वागत-सम्मान किया गया। पूजा-पाठ के पश्चात सभी यात्रियों को हरदा से विदा किया गया तथा भगवान से यात्रा के सफल एवं सुरक्षित संपन्न होने की प्रार्थना की गई।

### सरस्वती विद्या मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

**अनोखा तीर, हरदा।** सरस्वती विद्या मंदिर, हरदा में गणतंत्र दिवस उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गरिमामय ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने तिरंगे को सलामी दी। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सुनील तिवारी, जिलाध्यक्ष सर्व ब्राह्मण समाज संगठन तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मोहन पटेल, डायरेक्टर समारोह परिसर उपस्थित रहे।



अतिथियों ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर संदीप केकरे, प्राचार्य देवानंद सोनार एवं वरिष्ठ शिक्षक आर.डी. राजपूत विशेष रूप से उपस्थित रहे और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। देशभक्ति के इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों और नृत्यों से पूरा परिसर देशप्रेम के नारों और तालियों की गूंज से भर उठा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सफल आयोजन के लिए अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# वी-टू स्टोर के कर्मचारियों ने लगाई गुहार

## -जनसुनवाई में आवेदन के माध्यम से बताई अपनी व्यथा



अनोखा तीर, हरदा।

शहर के जीपी मॉल स्थित वी टू स्टोर में कार्यरत कर्मचारियों ने मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर अपनी व्यथा सुनाई। कर्मचारियों ने आवेदन के माध्यम से बताया कि स्टोर की ओपनिंग से लेकर अब तक 16 महिने से यहां कार्यरत हैं। इस बीच कर्मचारियों की वेतन विसंगति और अतिरिक्त कार्य कराया जाता है। जिसका विरोध करने पर कर्मचारियों को 27 जनवरी से काम पर बंद कर दिया है। जिसके चलते उनके समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। इस संबंध में स्टोर के कलस्टर मैनेजर से चर्चा करने पर उन्होंनें भरोसा दिया था कि वेतन और पीएफ की राशि समय पर उपलब्ध कराई जाएगी। कर्मचारी अपना कार्य जारी रखें। इसके बावजूद कर्मचारियों को काम पर नही आने दिया। जनसुनवाई में पहुंचे कर्मचारियों ने यह भी कहा कि स्टोर पर 50 किलो का कार्टून उठाकर रखने पड़ते हैं। आवेदन के अंत में कर्मचारियों ने अपना वेतन, ओवर टाइम का भुगतान तथा कार्य पर वापस रखने की मांग की है।

अनोखा प्रदर्शन....

# कलेक्टर की गाड़ी के समक्ष ग्रामीणों ने बजाई थाली



**अनोखा तीर, हरदा।** जिले की ग्राम पंचायत कोलीपुरा के ग्रामीणों ने मंगलवार को जिला पंचायत में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचकर अनोखा प्रदर्शन किया। सरपंच शिवनारायण देवड़ा के साथ करीब दो दर्जन ग्रामीण थाली बजाते हुए पहुंचे और कलेक्टर की गाड़ी के सामने थाली बजाकर अपना विरोध जताया। उनकी मांग है कि पंचायत भवन के लिए राजस्व विभाग जल्द से जल्द शासकीय जमीन उपलब्ध कराए। क्योंकि भवन के अभाव में पंचायत के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। सरपंच शिवनारायण देवड़ा ने बताया कि पंचायत भवन निर्माण के लिए राशि 6 महीने पहले स्वीकृत हो गई थी। लेकिन राजस्व विभाग के अधिकारी शासकीय भूमि उपलब्ध नहीं करा पाए। वे पिछले 6 महीने से अलग-अलग दफ्तरों में जाकर आवेदन दे चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसी से परेशान होकर उन्हें आज थाली बजाकर प्रशासन को जगाना पड़ा।

**कृषि विज्ञान केंद्र के पास मांगी जमीन-** ग्रामीणों ने कहा कि पंचायत भवन के लिए खसरा नंबर 18, रकवा 0.11 हेक्टेयर में से 4000 वर्गफीट जमीन आवंटित करने का प्रस्ताव दिया गया था। फिलहाल इस स्थान पर कृषि विज्ञान केंद्र बना हुआ है,, लेकिन पास ही काफी जगह खाली पड़ी है।

**एसडीएम ने दिया आश्वासन -** ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन पर एसडीएम अशोक डेहरिया ने तत्काल संज्ञान लेते हुए ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि आज ही जमीन चिह्नित करने की कार्रवाई की जाएगी और एक सप्ताह के भीतर आवंटन की प्रक्रिया पूरी कर दी जाएगी। ताकि पंचायत भवन का कार्य प्रारंभ हो सके।

# पिनेकल एकेडमी में शान से लहराया तिरंगा

**अनोखा तीर, हरदा।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में पिनेकल एकेडमी में ध्वजारोहण कर देशभक्ति के गीतों एवं नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से समारोह मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्यकार डॉ. प्रभुशंकर शुक्ल ने दीप प्रज्वलन एवं पूजन कर ध्वज फहराया। इसके पश्चात राष्ट्रगान हुआ और जय हिंद, जय भारत, वंदे मातरम के नारों से परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया। संस्था के संचालक अब्दुल सईद खान ने डॉ. शुक्ल का श्रीफल एवं तुलसी का पौधा भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा की महत्ता तथा अंग्रेजों से स्वतंत्रता प्राप्ति पर आधारित नाटिका की सराहना की गई। गणतंत्र दिवस विषय पर शिक्षिका अमृता अग्रवाल एवं विद्यार्थी विपुल सेजकर ने अपने विचार व्यक्त किए। देशभक्ति गीत



जहां-जहां डाल-डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा, वह भारत देश है मेरा.. की




प्रस्तुति के दौरान विद्यार्थियों ने करतल ध्वनि के साथ सामूहिक गायन किया, जिसे खूब सराहा गया।

**अनुशासित विद्यार्थी ही देश के विकास में सहभागी बनते हैं : शुक्ल -** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. प्रभुशंकर शुक्ल ने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य होते हैं। अनुशासित एवं संस्कारवान विद्यार्थी ही देश के विकास में महती भूमिका निभाते हैं, इसके लिए अनुशासित जीवनशैली आवश्यक है। उन्होंने जल्दी सोने और जल्दी उठने की आदत को स्वास्थ्य, धन एवं बुद्धिमत्ता से जोड़ते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। डॉ. शुक्ल ने रोचक अंदाज में विद्यार्थियों से संवाद करते हुए देश के विकास में सहभागी बनने का आह्वान किया। उन्होंने मछली जल की रानी कविता के माध्यम से जल का महत्व बताया तथा विद्यालय, शिक्षक, स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस से जुड़े प्रश्न भी पूछे, जिनका विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया।

## हेल्प लाईन नंबर

| | |
|---|---|
| सीएम हेल्प लाईन | 181 |
| पुलिस | 112 |
| फायर बिग्रेड | 101 |
| एम्बुलेन्स | 108 |
| चाईल्ड हेल्प लाईन | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 18001801551 |
| विद्युत शिकायत | 18002331912 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112-100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एम्बुलेन्स सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाईल्ड लाईन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाईन | 1076 |
| क्राईम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता | 1091 |
| पृथ्वी भूकंप | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 1098 |
| नागरिक कॉल सेंटर | 155300 |

# विधायक ने महात्मा गांधी शासकीय उ.मा.वि. में विकास कार्यों का किया लोकार्पण

**अनोखा तीर, हरदा।** विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने द्वारा विधायक निधि वर्ष 2025-26 की राशि से शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हरदा में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का मंगलवार को विधिवत लोकार्पण किया गया। विधायक निधि की 5 लाख 99 हजार 913 रुपये की राशि से विद्यालय में आवश्यक अधोसंरचना, सुविधाओं एवं विकास से जुड़े कार्य पूर्ण कराए गए हैं, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। विद्यालय को मिली इस सौगात के लिए शाला परिवार द्वारा शाला परिसर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने एवं जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात विधायक डॉ. दोगने ने उपस्थित अतिथियों के साथ शाला परिसर में कराए गए विकास कार्यों का लोकार्पण किया। शाला के प्राचार्य जे.पी. प्रजापति द्वारा विधायक डॉ. दोगने का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया तथा शाला परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. दोगने ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में विकास कार्य उनकी प्राथमिकता में शामिल हैं। विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बल मिलता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी शिक्षा एवं जनहित से जुड़े कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा। विधायक डॉ. दोगने ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए माता-पिता एवं गुरूजनों का सम्मान करने तथा लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी, प्राचार्य जे.पी. प्रजापति, पालक-शिक्षक संघ अध्यक्ष नम्रता सेवारिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी प्रबल पंवार, विधायक प्रतिनिधि राहुल पटेल, गोविन्द व्यास, कैलाश पटेल, ज्ञानदास गुर्जर, आदित्य पटेल, शिवा गुर्जर सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।




## कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग हरदा

Office Email Id eeresharda@mp.gov.in Office Phone No. 07577-222519

क्रमांक 71/व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2025-26 हरदा, दिनांक : 07/01/2026

### संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 21/2025-26

संभाग अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदाये आमंत्रित की गई है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**ऑनलाईन दो कवर पद्धति-**

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का नाम | निविदा की अनुमानित लागत (रुपए में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 |
| 1 | 2026_RES_474169 | एकीकृत माध्यमिक शाला सांवरी में 02 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | 726317/- |
| | | **योग** | **726317/-** |

उक्त निविदा को ऑनलाईन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट https://mptenders.gov.in के माध्यम से क्रय किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक दिनांक 21.01.2026 को समय 14.00 बजे तथा निविदा प्रपत्र ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 03.02.2026 समय 17:30 बजे तक निर्धारित है। निविदा में होने वाले संशोधन एवं विस्तृत निविदा उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है, इसके अतिरिक्त निविदा में होने वाले समस्त संसोधनों का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग हरदा

जी-24947/25

● "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

# मालवी लोकगीतों को समर्पित व्यक्तित्व हीरासिंह बोरलिया



– मुकेश ''कबीर''

**वर्तमान में अनूप सिंह अपने पिता की महान विरासत को सम्भाले हुए हैं जो मुंबई और उज्जैन में नए शागिर्द तैयार कर रहे हैं। अनूप सिंह को मध्य प्रदेश संगीत नाटक अकादमी द्वारा गुरु के रूप में नियुक्त किया गया है जो शासन की एक छात्रवृति योजना के अंतर्गत बच्चों को ढोलक, घुंघरू जैसे अनेक प्राचीन ताल वाद्ययंत्रों की शिक्षा देते हैं।**

हीरा सिंह बोरलिया एक ऐसा नाम जिन्होंने मालवी लोक गीतों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचा दिया और अनजान सी इस विधा को जनमानस में इतना लोकप्रिय बनाया कि आज नई पीढ़ी भी मालवी लोक गीतों को ना सिर्फ सीख रही है। बल्कि कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रस्तुति भी दे रही है। हीरा सिंह जी का जन्म 27 जनवरी 1934 को मध्यप्रदेश के उज्जैन में हुआ था। लेकिन इनके पूर्वज काफी पहले राजस्थान के जालौर जिले के बोरली गांव से उज्जैन आकर बस गए थे, बोरली के निवासी थे इसलिए बोरलिया ही इनका उपनाम हो गया। घर में लोक गायन की परंपरा थी तो बालक हीरा सिंह भी गाने लगे, इनकी प्राथमिक गुरु इनकी मां रमा बाईं ही थीं। बाद में हीरा सिंह जी ने अन्य बड़े गुरुओं से भी लोक गायन और संगीत की शिक्षा ली जो उस समय के प्रतिष्ठित कलाकार थे। जिनमें मुख्य रूप से डॉ. श्याम परमार, पद्मश्री देवीलाल सामर और प्रसिद्ध संगीतकार रविन्द्र जैन शामिल हैं। बाद में रविन्द्र जैन की टीम में हीरा सिंह जी के सुपुत्र प्रसिद्ध ढोलक वादक अनूप सिंह बोरलिया शामिल हुए, जिन्होंने राम तेरी गंगा मैली के अलावा कई अन्य फ़िल्मों में भी संगीतकार रविन्द्र जैन के साथ ढोलक बजाई और महान धारावाहिक रामायण में भी सांगीतिक योगदान दिया। वर्तमान में अनूप सिंह अपने पिता की महान विरासत को सम्भाले हुए हैं जो मुंबई और उज्जैन में नए शागिर्द तैयार कर रहे हैं।

अनूप सिंह को मध्य प्रदेश संगीत नाटक अकादमी द्वारा गुरु के रूप में नियुक्त किया गया है जो शासन की एक छात्रवृति योजना के अंतर्गत बच्चों को ढोलक, घुंघरू जैसे अनेक प्राचीन ताल वाद्ययंत्रों की शिक्षा देते हैं। अनूप जी अपने पिता की स्मृतियों को सहेजे हुए हैं जो उनके पिता के गौरवशाली जीवन से अवगत कराते हैं। अनूप जी से मिली जानकारी और हीरा सिंह जी पर लिखे गए शोध ग्रंथ और शासकीय पत्रिकाओं के माध्यम से हीरा जी की उपलब्धियों के बारे में पता चलता है।

हीरा सिंह जी ने अपने कैरियर की शुरुआत एक संगीत शिक्षक के रूप में की थी, वे खैरागढ़ विश्व विद्यालय में प्राध्यापक रहे, इसके साथ ही विभिन्न मंचों पर मालवी लोक गीतों का प्रचार प्रसार भी करते रहे। दूरदर्शन मध्य प्रदेश के तो वे नियमित कलाकार थे ही इसके अलावा कई निजी चैनलों पर भी मालवी लोक गीत, कबीर गायन की प्रस्तुति प्रमुख रूप से देते थे। इसी सिलसिले में उन्हें एक नेशनल चैनल पर प्रसारित रियलिटी शो ''जुनून सात स्वरों का'' में लोक गीतों के लिए देश में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ, उन्हें मध्य प्रदेश शासन का प्रतिष्ठित मालव कलाकार पुरस्कार भी प्राप्त हुआ। हीरा सिंह जी का कार्यक्षेत्र बहुत विस्तृत था, उन पर बहुत से विद्यार्थियों ने शोध ग्रंथ भी लिखे और पीएचडी भी हासिल की। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश में भारत सरकार द्वारा आयोजित अमृत महोत्सव के अंतर्गत हीरा सिंह जी को प्रतिष्ठित अमृत अवार्ड से भी सम्मानित किया गया।

हीरा सिंह भारत के अलावा दुनिया के अन्य देशों में भी मालवी गीतों का प्रचार-प्रसार करते रहे हैं। जिनमें फ्रांस का टूर बहुत सफ़ल और उल्लेखनीय है, जहां उनकी एक प्रस्तुति देखने के बाद उन्हें लगातार चालीस मंचों पर आमंत्रित किया गया। पूरे दो महीने उनके फ्रांस में सम्मान पूर्वक कार्यक्रम हुए। देश- विदेश में मालवी गीतों की प्रस्तुति के अलावा हीरा सिंह का एक बड़ा योगदान यह भी है कि उन्होंने लोकगीतों को व्यवस्थित और संकलित किया। अपनी बेटी के साथ मिलकर विभिन्न परम्पराओं के लोक गीतों को एक पुस्तक के रूप में प्रकशित भी किया। हीरा सिंह जी जैसे कलाकार एवं मालवी लोकगीतों को समर्पित व्यक्तित्व की पावन स्मृति को प्रणाम।

रेल मदद पोर्टल...

## यात्री शिकायतों का भोपाल मंडल द्वारा त्वरित एवं प्रभावी निपटारा



**अनोखा तीर, भोपाल।** पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने यात्री सुविधा, सुरक्षा एवं शिकायत निवारण के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार करते हुए रेल मदद पोर्टल एवं मोबाइल एप के माध्यम से प्राप्त यात्री शिकायतों के निस्तारण में सराहनीय उपलब्धि हासिल की है। मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में सुदृढ़ एवं तकनीक-आधारित कार्यप्रणाली के चलते भोपाल मंडल ने शिकायत समाधान समय में उल्लेखनीय कमी दर्ज की है। आंकड़ों के अनुसार 01 अप्रैल 2024 से 31 दिसंबर 2024 की अवधि में जहां कुल 33,577 शिकायतें प्राप्त हुईं और औसत समाधान समय 43 मिनट रहा, वहीं 01 अप्रैल 2025 से 31 दिसंबर 2025 के दौरान शिकायतों की संख्या बढ़कर 38,674 हो गई, इसके बावजूद औसत समाधान समय घटकर मात्र 16 मिनट रह गया। इस प्रकार शिकायतों में वृद्धि के बावजूद समाधान समय में लगभग 63 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है, जो मंडल की कार्यकुशलता एवं यात्री-केन्द्रित दृष्टिकोण को दर्शाती है। यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं तनावमुक्त यात्रा अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से रेलवे की हेल्पलाइन 139 सहित सभी शिकायत माध्यमों को रेल मदद पोर्टल एवं एप में एकीकृत किया गया है, जिससे शिकायतें एक ही मंच पर दर्ज होकर संबंधित विभाग तक तुरंत पहुंचती हैं और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित होता है। शिकायत के निस्तारण के पश्चात यात्रियों से फीडबैक भी प्राप्त किया जाता है, जिससे सेवा गुणवत्ता में निरंतर सुधार किया जा रहा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि भोपाल मंडल रेल मदद पर प्राप्त शिकायतों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग करता है, शिकायत मिलते ही संबंधित विभाग को तत्काल सूचित कर यात्री से संपर्क किया जाता है तथा समाधान होने तक सतत निगरानी रखी जाती है। इस व्यवस्था में वाणिज्य, विद्युत, कैरज एंड वैगन, चिकित्सा, रेल सुरक्षा बल सहित सभी संबंधित विभाग चौबीस घंटे समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं।

## सृष्टि चक्र का गुह्य ज्ञान, डिजिटल रावण नाटक बना विशेष आकर्षण

**अनोखा तीर, सिराली।** ब्रह्मकुमारी संस्था द्वारा आयोजित श्री शिवमहापुराण कथा के तृतीय दिवस का आयोजन अत्यंत आध्यात्मिक, ज्ञानवर्धक एवं श्रद्धा-भाव से परिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कथा प्रवक्ता बाल ब्रह्मचारिणी राजयोगिनी योगशक्ति नीलम दीदी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सृष्टि चक्र के गुह्य रहस्यों का सरल एवं प्रभावशाली शब्दों में वर्णन किया। नीलम दीदी जी ने बताया कि वर्तमान समय कलियुग के अंत और सतयुग के आरंभ का पावन संगम है, जिसे पुरुषोत्तम संगम युग कहा जाता है। इसी दिव्य काल में स्वयं परमात्मा शिव



इस धरा पर अवतरित होकर मानव आत्माओं को सत्य ज्ञान प्रदान करते हैं तथा 84 जन्मों की अद्भुत कथा के माध्यम से आत्मिक जागृति कराते हैं। उन्होंने शिवरात्रि पूजन एवं जागरण के आध्यात्मिक महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान मोबाइल, सोशल मीडिया और इंटरनेट के बढ़ते दुरुपयोग से उत्पन्न मानसिक, नैतिक एवं पारिवारिक समस्याओं पर आधारित डिजिटल रावण नाटक का सशक्त मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि आज का डिजिटल रावण युवाओं को लत, तनाव और मूल्यहीनता की ओर धकेल रहा है। कलाकारों के प्रभावशाली अभिनय ने यह स्पष्ट किया कि संयम, जागरूकता एवं आध्यात्मिक दृष्टि से ही डिजिटल बुराइयों पर विजय पाई जा सकती है। कथा के मध्य श्रोताओं को राजयोग ध्यान का अभ्यास भी कराया गया, जिससे उपस्थित जनसमूह ने गहन शांति, सकारात्मक ऊर्जा एवं मानसिक स्थिरता का अनुभव किया। कार्यक्रम के समापन पर विधिवत आरती संपन्न हुई, जिसमें नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अनीता अग्रवाल एवं महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती माधवी गुप्ता सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। तृतीय दिवस की कथा ने श्रोताओं को आध्यात्मिक ज्ञान, आंतरिक शांति एवं नवीन जीवन-दृष्टि प्रदान की।

## शासकीय विद्यालय में पांच दिवसीय करियर मेले का शुभारंभ

**अनोखा तीर, सोडलपुर।** ग्राम के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा से संबंधित 5 दिवसीय करियर मेले की शुरुआत 27 जनवरी से 31 जनवरी तक की गई। इस मेले का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य योगेश दुबे ने किया। करियर मेले के प्रथम दिन छात्रों को करियर जागरूकता, करियर




काउंसलिंग का परिचय, शैक्षणिक संकायों की जानकारी और स्थानीय उद्योगों एवं संस्थाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में कक्षा नौवीं के 70 छात्र, कक्षा दसवीं के 40 छात्र, कक्षा ग्यारहवीं के 72 छात्र तथा कक्षा बारहवीं के 26 छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आईटी और एग्रीकल्चर ट्रेड के छात्र शामिल थे। इस अवसर पर विनोद कच्छवाह, संदीप लोखंडे और राकेश वर्मा भी उपस्थित रहे।

# हरदा को जल्द मिलेगी 150 बिस्तरों के नए अस्पताल की सौगात

**अनोखा तीर, हरदा।**



जिले को जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से लैस 150 बिस्तरों वाले नए जिला अस्पताल की सौगात मिलने जा रही है। करीब 35 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इस चार मंजिला इमारत में फरवरी माह से स्वास्थ्य सेवाएं प्रारंभ होने की संभावना है। इसके बाद जिले के हजारों लोगों को एक ही छत के नीचे बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एचपी सिंह ने बताया कि नई बिल्डिंग आधुनिक तकनीक और मशीनों से सुसज्जित है। इसमें कुल 150 बिस्तरों की व्यवस्था रहेगी। जिससे बड़ी संख्या में मरीजों का इलाज संभव होगा। अस्पताल में महिला वार्ड, ब्लड बैंक, मॉडर्न जांच लैब और डॉक्टरों के अलग-अलग चैंबर होंगे, जिससे मरीजों को संबंधित बीमारियों के उपचार के लिए डॉक्टरों तक पहुंचने में आसानी होगी। नए अस्पताल भवन में स्वासथ्य सेवाएं शुरू होने के बाद मरीजों को अन्य शहरों में रेफर करने की संख्या में कमी आने की उम्मीद है। प्रत्येक बिस्तर पर ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध होगी। मरीजों और उनके परिजनों के लिए ऊपरी मंजिलों पर जाने हेतु तीन लिफ्ट लगाई जा रही हैं। साथ ही, मरीजों के साथ आने वाले परिजनों के भोजन के लिए भी एक स्थान तैयार किया जा रहा है।

**चौथी मंजिल पर क्रिटिकल केयर ब्लॉक-** नए अस्पताल के चार मंजिला भवन का काम जून 2022 में प्रारंभ हुआ था। जिसका जून 2023 तक पूरा होने का लक्ष्य था। इसकी चौथी मंजिल पर क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण किया जा रहा है। कुल लागत 34 करोड़ रुपए से तैयार अस्पताल परिसर की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जाएगी।

### गंदगी फैलाने पर 200 रुपए का जुर्माना

डॉ. सिंह ने यह भी बताया कि नई बिल्डिंग में स्वच्छता बनाए रखने के लिए सख्त नियम लागू किए जाएंगे। प्रवेश के दौरान ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारी चेकिंग करेंगे और पाउच या बीड़ी-सिगरेट के पैकेट मिलने पर उन्हें जब्त कर लिया जाएगा। गंदगी फैलाने वालों पर 200 रुपए का जुर्माना भी लगेगा।

## मंत्री गौतम टेटवाल ने मुख्यमंत्री यादव से की मुलाकात

-विदेश यात्रा से लौटने पर दी शुभकामनाएं



**अनोखा तीर, भोपाल।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री डॉ गौतम टेटवाल ने मुख्यमंत्री निवास पहुँचकर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से मुलाकात की। इस दौरान दावोस यात्रा से लौटने पर शुभकामनाएं दी। साथ ही राजगढ़ जिले के समग्र, संतुलित एवं सतत विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा की। इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन मंत्री नारायण सिंह पंवार, राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव, नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा एवं खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी भी मौजूद रहे।

### जनसेवा, विकास और समर्पण की दिशा में एक सशक्त कदम: मंत्री डॉ टेटवाल

इस दौरान मंत्री डॉ गौतम टेटवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हाल ही में दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया है। दावोस के वैश्विक मंच पर हमने दुनिया को यह संदेश दिया कि मध्यप्रदेश भरपूर संभावनाओं का प्रदेश है, जहां नीति में स्थिरता है, प्रशासन में पारदर्शिता है और निवेश के लिए पूर्णतया अनुकूल वातावरण है। साथ ही विश्व आर्थिक मंच पर मध्यप्रदेश ने सक्रिय, सशक्त और रणनीतिक भागीदारी दर्ज की। नवकरणीय ऊर्जा, स्वच्छ विकास, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, औद्योगिक विस्तार और रोजगार सृजन पर हमारी स्पष्ट सोच ने वैश्विक निवेशकों का विश्वास अर्जित किया है। साथ ही मुख्यमंत्री ने अनेक अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं और उद्योग समूहों के साथ सकारात्मक संवाद किये, जो आने वाले समय में निवेश, तकनीक और रोजगार के रूप में धरातल पर दिखाई देंगे।

### यूजीसी एक्ट को लेकर विरोध व ज्ञापन कल

**अनोखा तीर, हरदा।** यूजीसी एक्ट को लेकर गुरूवार को परशुराम सेना, राजपूत परिषद एवं सर्वण समाज द्वारा विरोध-प्रदर्शन एवं ज्ञापन सौपा जाएगा। परशुराम सेना के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुधीर शर्मा ने बताया कि 29 जनवरी को दोपहर 2 बजे सभी लोग परशुराम चौक पर एकत्रित होंगे। यहां प्रदर्शन उपरांत ज्ञापन देने के लिए पहुंचेंगे। उन्होंनें सवर्ण समाज के सदस्यों से अधिक से अधिक सख्या में शामिल होने का आहवान किया।

## शारदा शिशु मंदिर के वार्षिक कार्यक्रम में शामिल हुए भगवानदास सबनानी

**अनोखा तीर, भोपाल।** शारदा शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेहरू नगर के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यायक भगवानदास सबनानी एवं तुलसी मानस प्रतिष्ठान मानस भवन के अध्यक्ष रघुनन्दन शर्मा माधव सिंह दांगी महेशचन्द्र शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम



किया गया। कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह देखने लायक था। कार्यक्रम की सभी अतिथियों ने प्रशंसा की। विद्यालय में जिन विद्यार्थियों ने अच्छे अंक प्राप्त किये उन्हें विधायक भगवानदास सबनानी ने पुरस्कृत किया। अपने संबोधन में सबनानी ने कहा कि भविष्य में अच्छे नागरिक बनने की नींव बच्चों में स्कूल द्वारा ही रखी जाती है। आज के अच्छे विद्यार्थी ही भविष्य के अच्छे नागरिक बनकर देश निर्माण में अपना योगदान देते हैं, और भविष्य में इन्हीं हाथों में देश का संचालन भी होता है। मैं इस अवसर पर सभी पुरस्कृत बच्चों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं, और विद्यालय द्वारा बच्चों के अनेकों प्रकार के कार्यक्रम किए जाते हैं इसके लिए मैं विद्यालय की प्रशंसा करता हूं। विद्यालय के सचिव गोपाल सिंह राजपूत ने शॉल और श्रीफल से विधायक भगवानदास सबनानी का सम्मान किया गया।

## एलबीएस की एनएसएस इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर



**अनोखा तीर, हरदा।** लाल बहादुर शास्त्री व्यावसायिक अध्ययन महाविद्यालय, हरदा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ग्राम बूंदडा में 27 जनवरी से 2 फरवरी तक सात दिवसीय इकाई विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, सेवा-भाव एवं राष्ट्रनिर्माण की भावना का विकास करना है। शिविर में महाविद्यालय के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं उत्साहपूर्वक सहभागिता कर रहे हैं। शिविर अवधि के दौरान स्वयंसेवक राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों एवं गतिविधियों से परिचित होकर विभिन्न रचनात्मक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी करेंगे। इनमें प्रार्थना सभा, जागरूकता रैली, स्वच्छता अभियान, पोस्टर निर्माण, ध्वजारोहण तथा ग्रामीणों को सामाजिक एवं राष्ट्रीय विषयों पर जागरूक करना प्रमुख रूप से शामिल है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजीव खरे ने शिविर की सफलता हेतु स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने स्वयंसेवकों से समाजसेवा के कार्यों को पूर्ण निष्ठा, अनुशासन एवं समर्पण के साथ करने का आह्वान किया। महाविद्यालय की कार्यकारी निदेशिका डॉ. मोना खरे ने शिविर के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महाविद्यालय के उपप्राचार्य संजय भार्गव एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। शिविर का संचालन पूर्व जिला संगठक जगदीश गौर एवं कार्यक्रम अधिकारी हर्षा जायसवाल द्वारा किया जा रहा है। ग्राम बूंदडा पहुंचने पर स्वयंसेवकों ने मां सरस्वती के चरणों में माल्यार्पण कर तथा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर ग्राम की सरपंच सीमा सिंघवाने सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे, जिन्होंने स्वयंसेवकों का स्वागत एवं उत्साहवर्धन किया।

### वेयर हाउस संचालकों की वर्कशाप आज

**अनोखा तीर, भोपाल।** वेयर हाउस संचालकों की वर्कशाप 28 जनवरी को प्रशासन अकादमी के स्वर्ण



जयंती सभागार में सुबह 10 बजे से होगी। वर्कशाप को खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत और विषय-विशेषज्ञ संबोधित करेंगे। वर्कशाप में वेयर हाउसों की क्षमता का पूर्ण उपयोग और आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के संबंध में गहन विचार विमर्श किया जाएगा।

### 40 वर्ष बाद सोडलपुर में पुनः शुरू होगी पांच दिवसीय रामलीला

अनोखा तीर, सोडलपुर। ग्राम में बरसों पहले होने वाली रामलीला का आयोजन एक बार फिर शुरू हो रहा है। 40 वर्ष पहले ग्राम में रामलीला प्रतिवर्ष आयोजित होती थी, लेकिन कुछ वर्षों से यह बंद थी। इस वर्ष 28 जनवरी से 1 फरवरी तक पांच दिवसीय रामलीला का आयोजन कान्हा बाबा मैदान पर रखा गया है। रामलीला के लिए मंगलवार को दिनभर तैयारी मैदान पर चलती रही। समिति द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार पहले दिवस शंकर-पार्वती संवाद और नारद-मोह का मंचन होगा। दूसरे दिवस राम जन्म, ताड़का, बकासुर और मारिच वध का दृश्य प्रस्तुत किया जाएगा। तीसरे दिवस पुष्प वाटिका और जनक बाजार का मंचन होगा। चौथे दिवस धनुष यज्ञ, परशुराम और लक्ष्मण संवाद का आयोजन रहेगा। पंचम दिवस श्री राम विवाह का आयोजन किया जाएगा। समिति के साथ-साथ समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से यह आयोजन किया जा रहा है।

## रेलवे सलाहकार समिति सदस्य निलेश श्रीवास्तव ने किया हरदा रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण

**अनोखा तीर, हरदा।** रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य निलेश कुमार श्रीवास्तव ने हरदा रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अमृत भारत रेलवे स्टेशन पुनर्विकास योजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों का स्टेशन प्रबंधक के साथ अवलोकन करते हुए विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के पश्चात निलेश श्रीवास्तव ने बताया कि हरदा रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत विकास कार्य प्रगति पर हैं। रेल मंत्रालय यात्रियों को आधुनिक, सुरक्षित एवं सुविधाजनक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप देश को विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि वर्तमान में पार्किंग व्यवस्था स्टेशन परिसर के बाहर होने के कारण यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक को पत्र लिखकर उचित समाधान की मांग करने की बात कही। उन्होंने स्टेशन पर निर्माणाधीन नए अंडरपास ब्रिज को लेकर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जब तक नया ब्रिज पूरी तरह से चालू नहीं हो जाता, तब तक पुराने ब्रिज को चालू रखा जाना





आवश्यक है, क्योंकि वर्तमान में कई यात्री प्लेटफॉर्म पार करने के लिए सीधे रेलवे ट्रैक का उपयोग कर रहे हैं, जिससे किसी भी समय गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। निलेश कुमार श्रीवास्तव ने यह भी बताया कि नया अंडरपास ब्रिज स्टेशन के अंतिम छोर पर तथा स्टेशन परिसर के बाहर बनाया गया है। इसके कारण यात्रियों को टिकट लेने के बाद प्लेटफॉर्म नंबर एक से बाहर जाकर पुनः ब्रिज के माध्यम से प्लेटफॉर्म नंबर दो तक जाना पड़ता है, जो यात्रियों की दृष्टि से अव्यवहारिक है। उन्होंने इस विषय में संबंधित अधिकारियों से प्रश्न करने की बात कही कि पुराने ब्रिज के सुधार के बजाय नया ब्रिज बनाने की आवश्यकता क्यों पड़ी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि हरदा रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन लगभग पांच हजार यात्री आवागमन करते हैं, जबकि यात्रियों की सुविधा के लिए वर्तमान में केवल एक ही स्टॉल उपलब्ध है। उन्होंने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अधिक स्टॉल खोलने की मांग मंडल रेल प्रबंधक से किए जाने की बात कही, जिसमें वन स्टेशन, वन उत्पाद को प्राथमिकता दी जाएगी। सफाई व्यवस्था को लेकर भी उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्टेशन भले ही विकास के चरण में हो, लेकिन सफाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। आने वाले समय में सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। अंत में उन्होंने कहा कि वे समय-समय पर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते रहेंगे और यात्रियों द्वारा उठाई गई समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे, ताकि यात्रियों को सुरक्षित, सरल और सुविधाजनक यात्रा अनुभव मिल सके।

## सार-समाचार

### नपा ने एक शाम शहीदों के नाम आयोजन में किया इंजीनियरो का सम्मान

**अनोखा तीर, बड़वाह।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में पिछले वर्ष अनुसार इस वर्ष नगर पालिका परिषद् के माध्यम से शहर में एक शाम शहीदों के नाम का आयोजन किया गया। जिसमे गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। उक्त आयोजन शहर के एमजी रोड पर संपन्न हुआ। जहां शहर के सैकड़ों महिला, पुरुष और



युवाओं ने उपस्थित होकर आयोजन का लुफ्त उठाया। इस मौके पर नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता, नपा सीएमओ कुलदीप किन्शुक ने नपा के समस्त इंजीनियरो का स्वागत सम्मान कर उन्हें शील्ड भेट की। यह सम्मान उन्हें शहर में होने वाले विकास कार्यों में सराहनीय सहयोग देने के उपलक्ष्य में दिया गया। जबकि इस कार्यक्रम में नपा सीएमओ ने भी अपनी सुमधुर आवाज में देश भक्ति गीत सुनाए। वही गायक कलाकारों ने उपस्थित दर्शकों के मोबाइल की लाईट चालू करवाकर देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति पर झूमने को मजबूर कर दिया। यह आयोजन देर रात तक जारी रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. परेश विजयवर्गीय ने किया। इस दौरान नपा पार्षद, शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

### उच्च शिक्षा मंत्री ने दादाजी धूनी वाले मंदिर में किए दर्शन

**दादाजी मंदिर नवनिर्माण कार्य का लिया जायजा**




**अनोखा तीर, खंडवा।** प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग के मंत्री इंदर सिंह परमार ने मंगलवार को श्री दादाजी धूनी वाले मंदिर में दर्शन और पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में चल रहे मंदिर नवनिर्माण कार्य का भी जायजा लिया। इस अवसर पर खण्डवा विधायक कंचन मुकेश तन्वे, मांधाता विधायक नारायण पटेल, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल तथा धर्मेंद्र बजाज सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।

### गणतंत्र दिवस पर भारत पर्व मनाया गया

**भोपाल, खरगोन व खंडवा के स्थानीय कलाकारों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए**

**अनोखा तीर, खंडवा।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर लोकतंत्र का लोकोत्सव भारत पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, खण्डवा की महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पिंकी सुदेश वानखेड़े, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा,




अपर कलेक्टर श्रीमती सृष्टि देशमुख गौड़ा सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे। स्थानीय किशोर कुमार सभागृह में संस्कृति विभाग एवं स्वराज संस्थान भोपाल के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में भोपाल के तारिक अंसारी एवं उनके दल द्वारा देश भक्ति पूर्ण गीत प्रस्तुत किए गए। इसके साथ ही कार्यक्रम में खरगोन के गोपाल तोमर के दल द्वारा भगोरिया लोकनृत्य भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर खण्डवा के एसएल पंचोरे एवं उनके दल ने जल संरक्षण विषय पर निमाड़ी लोक गीत प्रस्तुत किये। अन्य स्थानीय कलाकार शीतल काजले ने देशभक्ति पर केंद्रित कथक नृत्य तथा नंदिनी सावले ने महाकाली स्वरूप में एकल नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन संदीप जोशी ने किया। इस अवसर पर जिला जनसम्पर्क कार्यालय द्वारा विकास प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया।

### जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं

**अनोखा तीर, खंडवा।** जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत कलेक्टर ऋषव गुप्ता प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नागरिकों की समस्याएं सुनकर अधीनस्थ अधिकारियों के माध्यम से उनका निराकरण करवाते हैं। इसी क्रम में आज जनसुनवाई में देवराम अस्तरे निवासी देलगांव ने कलेक्टर को आवेदन देकर बताया कि उसके गांव में शराब की अवैध बिक्री बहुत अधिक हो रही है, जिससे गांव का माहौल खराब हो रहा है। जिस पर उन्होंने शराब की अवैध बिक्री को प्रभावी ढंग से रोकने के सम्बंध में निर्देश दिए।



जनसुनवाई में खंडवा के रैदास वार्ड निवासी प्रशांत गोयल ने कलेक्टर को आवेदन देकर बताया कि उसका चार पहिया वाहन जल संसाधन विभाग में किराए पर लगाया गया था जिसका आधा अधूरा किराया भुगतान किया गया है तथा वाहन खंडवा कार्यालय के लिए किराए पर लिया गया था।

# मूर्ति कांड ने खोला अंदरूनी खेल

**● नगर पालिका कटघरे में, पार्षदों का फूटा गुस्सा**

**अनोखा तीर, खरगोन।** नगर पालिका इन दिनों टंट्या मामा की मूर्ति को लेकर उठे विवाद से सियासी तूफान के बीच खड़ी है। जो मामला पहले एक निर्माण विवाद माना जा रहा था वह अब कथित अनियमित्ताओं, ठेकेदार पर धोखाधड़ी के आरोप, प्रशासनिक लापरवाही और राजनीतिक खींचतान तक जा पहुंचा है। कांग्रेस और जयस के विरोध के बाद अब खुद नगर पालिका के पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है और संबंधित ठेकेदार व अधिकारियों पर एफआईआर की मांग की है। खास बात यह है कि विरोध केवल विपक्ष तक सीमित नहीं, बल्कि सत्ता पक्ष के भीतर भी असंतोष खुलकर सामने आ रहा है। अध्यक्ष छाया जोशी और उनके परिवार के नाम पर बाजार में चल रही चर्चाओं ने मामले को और संवेदनशील बना दिया है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मूर्ति विवाद अब सम्मान, पारदर्शिता और नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े कर रहा है। विवाद अब थमने का नाम नहीं ले रहा है। कांग्रेस ओर जयस के धरना प्रदर्शन के बाद नगर पालिका के पार्षदो ने मूर्ति के सामने धरना देकर प्रशासन को शिकायत कर मूर्ति घोटाले और भ्रष्टाचार में ठेकेदार सहित अधिकारियों पर एफआईआर की मांग की इस विरोध प्रदर्शन में खास बात यह रही कि भाजपा के वे पार्षद भी शामिल हुए जो नगर पालिका अध्यक्ष छाया जोशी के विरोधी गुट से माने जाते हैं। केवल एक पार्षद विधायक गुट से जुड़ा है यानी



मामला अब विपक्ष बनाम सत्ता नहीं, बल्कि सत्ता के भीतर संघर्ष का रूप ले चुका है। नगर पालिका के अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक इस पूरे प्रकरण को लेकर सीएमओ कमला कौल को राजधानी भोपाल तलब किया गया था। इससे साफ है कि मामला सिर्फ स्थानीय नहीं रहा बल्कि शासन स्तर तक पहुंच चुका था इसलिए प्रदेश स्तर पर इस मामले में दो इंजीनियरों पर गाज गिरा कर मामले को दबाने की कोशिश की वहीं नगर पालिका से धोखाधड़ी करने वाले ठेकेदार को बचाया जा रहा है। पार्षदों के अनुसार आने वाली परिषद की बैठक में ठेकेदार पर एफआईआर का मुद्दा उठेगा।

#### विवाह आयोजन और प्रशासनिक ठप्प

इधर बाजार में चर्चाओं का बाजार गर्म है। एक ओर जहां नगर पालिका अध्यक्ष छाया जोशी के पुत्र दक्ष के विवाह समारोह की तैयारियां चल रही हैं। वहीं आरोप है कि नगर पालिका के कर्मचारी शादी के इनविटेशन कार्ड लिखने में लगे हैं। नतीजा नगर पालिका कार्यालय में आम जनता भटक रही है, कर्मचारी नदारद हैं।

#### लल्ला राज के आरोप, पार्षद नाराज

विरोध कर रहे पार्षदों का आरोप है कि मैडम अपने लल्ला के लिए ही सब कुछ कर रही हैं। चर्चा है कि प्रशासनिक कार्यों में दक्ष का सीधा हस्तक्षेप है, जिससे कई पार्षद भीतर ही भीतर नाराज चल रहे हैं। मूर्ति कांड के ठेकेदार को लेकर भी सनसनीखेज चर्चा है। बाजार में चर्चा है कि ठेकेदार ने यहां तक कह दिया है कि अगर मेरे ऊपर एफआईआर हुई, तो मैं 'लल्ला' का नाम उजागर कर दूंगा। मूर्ति कांड से आगे भी सवालों की लंबी फेहरिस्त सूत्र बताते हैं कि मूर्ति विवाद के अलावा भी नगर पालिका में कई गंभीर मामले हैं, जिनमें दक्ष का नाम सामने आ रहा है। यही कारण है कि अब सवाल सिर्फ मूर्ति का नहीं, बल्कि पूरे नगर पालिका तंत्र की कार्यशैली पर उठ रहे हैं।

#### कुर्सी पर संकट

राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज है कि दक्ष लल्ला अब मैडम की कुर्सी के लिए ही खतरा बनता जा रहा है। अगर जांच का दायरा बढ़ा, तो मामला केवल ठेकेदार या मूर्ति तक सीमित नहीं रहेगा। टंट्या मामा की मूर्ति सम्मान का प्रतीक थी, लेकिन अब यह मूर्ति भ्रष्टाचार, परिवारवाद और सत्ता के दुरुपयोग का प्रतीक बनती जा रही है। शहर में चर्चा यह है जांच होगी या मामला शादी की शहनाइयों में दबा दिया जाएगा।

#### नमन के बचाव को लेकर चर्चाएं तेज

शहर में हो रही चर्चा के अनुसार, मूर्ति ठेकेदार ऐश्वर्या भट्ट (जिसका नाम नमन भी है) दक्ष का दोस्त है इसी कारण नमन को बचाया जा रहा है। नगर पालिका ने मूर्ति के सप्लाई ऑर्डर में संगमरमर की मूर्ति का ऑर्डर था जिसकी जगह ठेकेदार ने फाइबर की मूर्ति रात में इंस्टॉल कर अनावरण के लिए कपड़े से ढक दिया जिस कारण अधिकारी मूर्ति का सत्यापन नहीं कर पाए। ठेकेदार ने नगर पालिका से धोखाधड़ी की है इस मामले को लेकर नपा में सीएम हेल्पलाइन भी लगी हुई है साथ ही जयस ने भी प्रशासन को ज्ञापन देकर ठेकेदार पर एफआईआर की मांग की है, शहर की जनता सच जानना चाह रही है आखिर सच्चाई क्या है।



राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि दक्ष मैडम की कुर्सी के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। पार्षद और राजनीतिक दल मांग कर रहे हैं कि नमन भट्ट को दिए गए सभी टेंडर और बड़े आयोजनों की फाइलों की जांच हो। मूर्ति अब भ्रष्टाचार और परिवारवाद का प्रतीक बनती जा रही है।

#### टेंडर और आयोजनों की फाइल खोलने की मांग

विरोध कर रहे पार्षदों और राजनीतिक हलकों में अब मांग उठ रही है कि नमन भट्ट को दिए गए सभी टेंडरों की विस्तृत जांच कराई जाए। आरोप लगाने वालों का दावा है कि यदि टेंडर प्रक्रिया, स्वीकृति और भुगतान से जुड़ी फाइलें सार्वजनिक होती हैं तो कई तथ्यों का खुलासा हो सकता है। इसी के साथ यह भी कहा जा रहा है कि अध्यक्ष के कार्यकाल के दौरान आयोजित गौरव दिवस, नवग्रह मेला और रावण दहन कार्यक्रम जैसे बड़े आयोजनों की प्रशासनिक और वित्तीय फाइलों की भी जांच होनी चाहिए। विरोधियों का आरोप है कि इन आयोजनों में खर्च और कार्यप्रणाली को लेकर पारदर्शिता नहीं बरती गई। हालांकि इन आरोपों की अभी तक किसी स्वतंत्र एजेंसी द्वारा पुष्टि नहीं हुई है। राजनीतिक सूत्रों का कहना है कि यदि इन कार्यक्रमों से जुड़ी फाइलें खुलती हैं तो नगर पालिका के कई निर्णयों और प्रक्रियाओं पर नई बहस शुरू हो सकती है।

### निमाड़ क्लब समिति की बैठक 29 को

**अनोखा तीर, खंडवा।** समिति के अन्तर्गत संचाालित खेल परिसर बैडमिंटन कोर्ट, टेनिस कोर्ट तथा अन्य के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में आगामी 29 जनवरी को दोपहर 4:30 बजे से कार्यालय कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। निमाड़ क्लब के सचिव एवं जिपं के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा ने संबंधित अधिकारियों से इस बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### निःशुल्क कृत्रिम हाथ शिविर 29 को इंदौर में होगा

**अनोखा तीर, खंडवा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओपी जुगतावत ने बताया कि इनाली फाउंडेशन द्वारा 29 जनवरी गुरुवार को अभिनव कला समाज इंदौर में निःशुल्क कृत्रिम हाथ शिविर लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऐसे हितग्राही जिनके कोहनी से नीचे हाथ नहीं है उन्हें शिविर में निःशुल्क कृत्रिम इलेक्ट्रॉनिक हाथ लगाया जायेगा। इच्छुक हितग्राही सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच शिविर में पहुंचकर लाभ ले सकते हैं।

**शांति के प्रतिक गुब्बारे उड़ाए गए व उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों का हुआ सम्मान**

## नगर निगम प्रांगण में गणतंत्र दिवस पर महापौर ने किया ध्वजा रोहण

**अनोखा तीर, खंडवा।** गणतंत्र दिवस पर नगर पालिका निगम की महापौर एवं शहर की प्रथम नागरिक अमृता अमर यादव ने नगर निगम प्रागंण मे ध्वजा रोहण कर, शांति एवं समृद्धि व एकता के प्रतीक तिरंगे गुब्बारों को आकाश में छोड़ा तत्पश्चात राष्ट्रगान हुआ। गणतंत्र दिवस पर निगम के आजाद भवन में हुए कार्यक्रम में महापौर ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। समाज सेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि महापौर ने नगर निगम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सम्मान कर प्रमाण पत्र भी सौंपे। इस अवसर पर महापौर अमृता अमर यादव ने सभी उपस्थित जनों एवं शहर वासीयो को गणतंत्र दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारे देश की आन बान शान है, यह सदैव ऊंचा रहे हम सब का कर्तव्य हैं। बड़े संघर्ष के बाद हमें आजादी प्राप्त हुई है, जिसमें हमारे कई वीर जवानों की कुर्बानियां हुई है। जिस प्रकार हम अपने



धार्मिक त्यौहारों को उत्साह के साथ मनाते हैं उसी के अनुरूप 26 जनवरी और 15 अगस्त के राष्ट्रीय पर्व को भी हम उत्साह और उंमग के साथ मनाएं। परिषद अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा एवं अन्य उपस्थित जनों ने भी सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। राष्ट्रीय पर्व के कार्यक्रम में महापौर अमृता अमर यादव, परिषद अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, निगम आयुक्त प्रियंका राजावत , सेवादास पटेल, मेयर इन काउंसिल सदस्य राजेश यादव, सोमनाथ काले, सुनील जैन सहित पार्षदगण, उपायुक्त सचिन सिटोले अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे। संचालन गौरव खरे ने किया एवं निगमायुक्त प्रियंका राजावत ने आभार माना।

### महात्मा गांधी की पुण्यतिथि कुष्ठ निवारण दिवस के रूप में मनाई जायेगी

**अनोखा तीर, खंडवा।** जिले में आगामी 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि कुष्ठ निवारण दिवस के रूप में मनायी जाएगी। साथ ही 30 जनवरी से 13 फरवरी तक कुष्ठ जागरूकता अभियान तथा 11 फरवरी से 5 मार्च तक कुष्ठ रोगी खोज अभियान चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओपी जुगतावत ने बताया कि इन अभियानों का उद्देश्य जनसमुदाय में कुष्ठ के प्रति व्याप्त भ्रांतियों को दूर करना तथा नये रोगियों की खोज कर उन्हें निःशुल्क एमडीटी दवाईयां उपलब्ध कराना है। डॉ. जुगतावत ने बताया कि आगामी 11 फरवरी से 5 मार्च तक सर्वेक्षण का कार्य करके सर्वेदल संभावित कुष्ठ रोगियों का पता लगाया जाएगा। इसके लिए जिले में गठित 1081 सर्वे दलों में शामिल कर्मचारियों को सेक्टर स्तर पर प्रशिक्षित किया जाएगा।

**- कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश**

## सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करें

**शिकायतों के निराकरण के मामले में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाई की जाएगी**

**अनोखा तीर, खंडवा।** सीएम हेल्पलाइन में अपने-अपने विभाग से संबंधित शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करें। यह निर्देश कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को दिए। उन्होंने बैठक में कहा कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के मामले में अधिकारी स्वयं आवेदक से बात करें, यह कार्य अधीनस्थ कर्मचारियों के भरोसे ना छोड़े। उन्होंने शिकायतों का संतुष्टि पूर्ण ढंग से निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिपं के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा, अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा, पुनासा के एसडीएम पंकज वर्मा और सहायक कलेक्टर डॉ. श्रीकृष्णा सुशीर सहित जिले की जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं अन्य विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक में उन्होंने ने सीएम हेल्प लाईन में नॉट अटेंड शिकायतों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने ने बताया कि वर्ष 2027 में जनगणना होगी। इसके लिए पहले चरण में अभी मकानों की गणना का कार्य प्रारम्भ होगा। जनगणना से पूर्व प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इसके लिए उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि अपने अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारियों की जानकारी तत्काल जनगणना शाखा में भिजवाएं। डिप्टी कलेक्टर दिनेश सावले ने बताया कि इस बार जनगणना पूर्णतः डिजिटल माध्यम से होगी। इसके लिए सरकार ने अलग अलग मोबाइल एप तैयार किए हैं, जिनके माध्यम से जानकारी संकलित की जाएगी। बैठक में बताया गया कि रोजगार गारंटी योजना, जल जीवन मिशन, तथा प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के तहत संचालित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि सभी शासकीय कार्यालयों तथा अधिकारी कर्मचारियों के आवासों की पक्की छतों पर मिशन अमृत संचय के तहत रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अवश्य लगवाएं।



## संकल्प से समाधान अभियान के तहत नागरिकों से लिए आवेदन



**अनोखा तीर, खंडवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर राज्य सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र लोगों को दिलाने के लिये प्रदेश में इन दिनों संकल्प से समाधान अभियान प्रारंभ किया गया है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले की ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में नागरिकों से सम्पर्क कर आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। आवेदनों के एकत्रीकरण के लिए दल गठित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत आयोजित शिविरों में अभी तक जिले में कुल 15,500 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने ने बताया कि संकल्प एवं समाधान अभियान का प्रथम चरण आगामी 15 फरवरी तक जारी रहेगा। प्रथम चरण में आवेदन प्राप्त कर द्वितीय चरण में इनका निराकरण किया जाएगा। द्वितीय चरण 16 फरवरी, से प्रारंभ होकर 16 मार्च तक जारी रहेगा। कलेक्टर गुप्ता ने ग्राम पंचायत एवं नगरीय वार्ड स्तर के दलों में शामिल अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि शिविरों के अलावा घर घर जाकर भी आवेदन प्राप्त करें। उन्होंने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवेदन संकलन की गति बढ़ाने के निर्देश भी दिए हैं।

**चिकित्सकीय अधोसंरचना विकास कार्यों और उपकरणों की उपलब्धता की समीक्षा कर दिए निर्देश**

## पीएससी एवं कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से की जा रही भर्ती प्रक्रिया की नियमित करें समीक्षा : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

**अनोखा तीर, भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के विभिन्न विषयों की समीक्षा की। बैठक में चिकित्सकीय सहायक चिकित्सकीय मैनपावर भर्ती से संबंधित विषयों की समीक्षा की गई। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मेडिकल ऑफिसर एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता से सीधे जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा की पीएससी एवं कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से की जा रही भर्ती प्रक्रिया की नियमित समीक्षा की जाये। समस्त औपचारिकताओं की प्राथमिकता से पूर्ति की जाये। बैठक में एएनएम के शेष रिक्त पदों पर प्राथमिकता से पूर्ति के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती के लिए वर्तमान में उपलब्ध मॉडलों की विस्तृत समीक्षा कर शीघ्र आवश्यक भर्तियों की प्रक्रिया प्रारंभ की जाय। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को फर्स्ट रेफरल यूनिट के रूप में विकसित करने के लिए विशेषज्ञों की समय पर पदस्थापना अनिवार्य है। इससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ होंगी तथा मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर को प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सकेगा। बताया गया कि अग्रेषित 1377 विशेषज्ञ भर्ती प्रक्रिया में 500 विशेषज्ञों की सूची प्राप्त हो चुकी है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में नर्सिंग शिक्षकों की भर्ती में आ रही व्यवहारिक एवं प्रक्रियात्मक कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए भर्ती से संबंधित नियमों में आवश्यक संशोधन की कार्यवाही की समीक्षा की गई। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विभागीय जानकारी और स्पष्टीकरण शीघ्र सामान्य प्रशासन विभाग को अग्रेषित करने के निर्देश दिए ताकि मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके और नर्सिंग शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मेडिकल कॉलेज बुधनी, मंडला, सागर एवं रीवा में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि पुनरीक्षित स्वीकृति से संबंधित सभी आवश्यक औपचारिकताएं समय-सीमा में पूर्ण की जाएं, जिससे विकास कार्यों में किसी प्रकार का विलंब न हो और शैक्षणिक एवं चिकित्सकीय सुविधाओं का विस्तार निर्धारित समय में किया जा सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा, ग्वालियर, जबलपुर सहित चिन्हित मेडिकल कॉलेजों में उन्नत कैंसर उपचार सुविधाओं के विस्तार के लिए अधोसंरचना विकास एवं आवश्यक उपकरणों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसका उद्देश्य क्षेत्रीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण कैंसर उपचार उपलब्ध कराना है, जिससे मरीजों को अन्यत्र रेफर करने की आवश्यकता कम हो। सीएम केयर्स योजना के क्रियान्वयन के लिए की जा रही गतिविधियों की समीक्षा करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्राथमिकता के आधार पर प्रस्ताव तैयार कर मंत्रि-परिषद की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। उप स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के उन्नयन कार्यों की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए गए कि बजट की उपलब्धता समय पर सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि चिकित्सकीय अधोसंरचना विकास कार्यों में विभागीय उदासीनता के कारण किसी भी प्रकार का विलंब नहीं होना चाहिए तथा सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।




# गणतंत्र दिवस पर आन-बान-शान से लहराया तिरंगा

**अनोखा तीर, बुधनी।** नगर सहित ग्रामीण अंचलों में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह पूरे हर्षोल्लास, उल्लास और देशभक्ति के वातावरण में गरिमापूर्वक मनाया गया। सुबह से ही नगर तिरंगे के रंग में रंगा नजर आया। शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति नारों के साथ प्रभातफेरी निकाली गई, जिससे वातावरण देशप्रेम से ओत-प्रोत हो गया। नगर के सभी शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, बैंक, पंचायत भवनों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान का गायन किया गया। लोगों ने एक-दूसरे को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देकर राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया। नगर का मुख्य समारोह दशहरा मैदान में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली तथा उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए संविधान की गरिमा, लोकतंत्र की मजबूती और राष्ट्र निर्माण में नागरिकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा अनुशासित एवं आकर्षक परेड मार्च प्रस्तुत की गई, जिसने दर्शकों की सराहना बटोरी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह के दौरान शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही नगर एवं जनपद स्तर पर विभिन्न शासकीय विभागों में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत, जपं अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, नप अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय, एसडीएम डीएस तोमर, तहसीलदार ललित सोनी, विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, शिक्षकगण, स्कूली बच्चे एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। समारोह के समापन पर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया गया तथा वंदे मातरम् और भारत माता की जय के जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा।

## सार-समाचार

### ग्राम पंचायत गोहनादेह माल सरपंच के विरूद्ध आविश्वास प्रस्ताव

#### पंचों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**अनोखा तीर, सोहागपुर।** जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली गोन द मॉल ग्राम पंचायत के ग्रामीण एवं पंचों ने आज एक ज्ञापन तहसीलदार रामकिशोर बड़े को सौंपा। जिसमें उन्होंने बताया है कि ग्राम पंचायत गोहनादेहमाल के वर्तमान सरपंच सुश्री शिवानी नेहरा हैं, सरपंच का हम पंचों के प्रति अच्छा व्यवहार नहीं है। सरपंच द्वारा पंचायत के कामों में रूचि नहीं ली जाती और जो भी कार्य हुए हैं उसमे घोर लापरवाही एवं वित्तीय अनियमित्ता शामिल है। ज्ञापन में बताया कि सरपंच सुश्री शिवानी मेहरा का कार्य एवं व्यवहार ठीक न होने के कारण हम सभी पंचों का विश्वास सरपंच पर नहीं रहा। पंचों और ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से तहसीलदार से निवेदन किया कि सरपंच के खिलाफ आविश्वास प्रस्ताव की अग्रिम कार्यवाही करने की जाए।

### एसआईआर की कार्यवाही दौरान प्राप्त आपत्तियों के संबंध में कांग्रेसियों ने तहसीलदार को दिया ज्ञापन

**अनोखा तीर, सोहागपुर।** नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा मंगलवार को तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के उपरात दावे आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए अंतिम तिथि 22 जनवरी 2026 निर्धारित थी। इस दौरान सत्ता पक्ष के दबाव में सत्ता पक्ष के कार्यकर्ताओं द्वारा अनावश्यक रूप से प्रत्येक बूथ पर मतदाता के निर्वाचन प्रारूप 7 को भरकर संबंधित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटने के लिए आवेदन प्रस्तुत किए हैं। यह सभी आपत्तियां निराधार एवं राजनैतिक द्वेष की भावना से लगाई गई हैं। कांग्रेसियों ने रिटर्निंग ऑफिसर से अनुरोध किया कि प्रत्येक बूथवार प्राप्त आपत्तियों की सूची सार्वजनिक की जायें। साथ ही जिस व्यक्ति के नाम काटने के लिए आपत्ति आई है, उसको सुने बिना एक पक्षीय कार्यवाही न की जाये तथा जिन व्यक्तियों द्वारा आपत्ति लगाई गई है यदि उनकी आपत्ति निरस्त होती है तो उनके विरूद्ध कठोरतम दंडात्मक कार्यवाही कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। साथ ही जब पूर्व में ही बीएलओ द्वारा व्यक्ति से प्रत्येक बूथ पर मतदाताओं की जांच कर ली गई है तो अब यह आपत्तियां कैसे आ रही हैं। यह विभागीय अधिकारी असत्य एवं निराधार है। ज्ञापन के माध्यम से निवेदन किया गया कि जो भी आपत्ति बूथवार आई है उन सभी को निरस्त किया जाए।

### राज्यमंत्री ने जिला व सिविल अस्पताल का किया निरीक्षण

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने जिला अस्पताल नर्मदापुरम एवं सिविल अस्पताल इटारसी का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर मरीजों व उनके परिजनों से चर्चा की तथा उपचार व्यवस्थाओं की जानकारी ली। सिविल अस्पताल इटारसी में मैटरनिटी



वार्ड, सर्जिकल वार्ड व ऑपरेशन थिएटर का निरीक्षण किया। मरीजों ने अस्पताल की सेवाओं पर संतोष व्यक्त किया। जिला अस्पताल नर्मदापुरम में ओपीडी, इमरजेंसी, फार्मेसी एवं प्रसूति वार्ड का निरीक्षण करते हुए मंत्री ने व्यवस्थाओं की सराहना की। इमरजेंसी वार्ड में सर्पदंश के मरीज के उपचार को देखकर चिकित्सकों व स्टाफ की तत्परता की प्रशंसा की। उन्होंने निर्देश दिए कि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। राज्यमंत्री ने कहा कि नवीन जिला अस्पताल के पूर्ण होने के बाद जिले को और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी तथा रिक्त पदों की पूर्ति के लिए शीघ्र भर्ती प्रगिया शुरू की जाएगी।

### शंकराचार्य श्री अविमुक्तेश्वरानंद के साथ हुई घटना के विरोध में सकल हिंदू समाज ने सौंपा ज्ञापन

**अनोखा तीर, सोहागपुर।** सकल हिंदू सनातन समाज ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम तहसीलदार रामकिशोर झरवाड़े को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने बताया कि विगत दिनों प्रयागराज में माघ मेले स्नान के दौरान जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद महाराज एवं उनके शिष्यों के साथ उत्तरप्रदेश प्रशासन एवं पुलिस द्वारा जो अमानवीय व्यवहार किया गया यह निंदनीय है। जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद महाराज एवं उनके साथीगण शांतिपूर्ण तरीके से स्नान करने जा रहे थे। किन्तु फिर भी पुलिस प्रशासन द्वारा महाराज शंकराचार्य प्रभू को स्नान करने से रोका गया एवं उनके निवेदन करने पर भी प्रशासन नहीं माना और उनके एवं उनके शिषयों के साथ अभद्रता कर मारपीट करना एक दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि उक्त घटना पर संज्ञान लेकर दोषियों के खिलाफ कठोरतम दंडात्मक कार्यवाही की जाए।

### नर्मदा मंदिर से निकाली चुनरी यात्रा



**अनोखा तीर, माखन नगर।** नर्मदा जयंती के अवसर पर नगर में चुनरी यात्रा निकाली गई। बताया गया कि वर्मा सैनानी परिवार एवं नगरवासियों द्वारा पुरानी टॉकीज स्थित नर्मदा मंदिर से यात्रा निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई वहीं संपन्न हुई। रात्रि में प्रसादी वितरण आयोजन किया गया। इसके साथ ही पंचमुखी हनुमान मंदिर बस स्टैंड पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी बंधु शामिल रहे।

#### सफाई व मूलभूत सुविधाओं का अभाव, जनप्रतिनिधियों ने जताई कड़ी नाराजगी

# सांदीपनि विद्यालय में जनप्रतिनिधियों के समक्ष व्यवस्थाओं की खुली पोल

- **विशेष मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में भारी अव्यवस्था**
- **राज्यसभा सांसद और विधायक के आगमन से पूर्व ही स्टाफ नदारद**



**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** स्थानीय शासकीय सांदीपनि विद्यालय में आयोजित विशेष मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम उस समय विवाद और असंतोष का विषय बन गया, जब जनप्रतिनिधियों और अतिथियों के समक्ष विद्यालय प्रशासन की लापरवाही उजागर हो गई। कार्यक्रम में विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों, शिक्षकगण एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता रही। लेकिन व्यवस्थाओं के स्तर ने आयोजन की गरिमा को गंभीर रूप से प्रभावित किया। आरोप है कि राज्यसभा सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के आगमन से पहले ही विद्यालय का आधे से अधिक स्टाफ परिसर छोड़कर चला गया, जिससे कार्यक्रम के संचालन और व्यवस्थाओं पर प्रतिकूल असर पड़ा। जिस कक्ष में भोजन की व्यवस्था की गई थी, वहां साफ-सफाई का अभाव स्पष्ट दिखाई दिया। टेबल, कुर्सियों और पूरे कक्ष में धूल जमी हुई थी, जिससे प्रशासनिक लापरवाही और जिम्मेदारी हीनता उजागर हुई। सबसे चिंताजनक तथ्य यह रहा कि राज्यसभा सांसद और विधायक जैसे संवैधानिक पदों पर आसीन जनप्रतिनिधियों के आगमन की पूर्व सूचना होने के बावजूद भी भोजन एवं अतिथि सत्कार की समुचित तैयारी नहीं की गई। यहां तक कि पानी की बोतल जैसी बुनियादी सुविधा भी समय पर उपलब्ध नहीं कराई जा सकी, जिसे लाने में अत्यधिक विलंब हुआ। यह स्थिति उस समय और अधिक गंभीर प्रतीत हुई, जब एसडीएम, बीओ, बीआरसीसी सहित विद्यालय के जिम्मेदार अधिकारी मौके पर उपस्थित थे, बावजूद इसके व्यवस्थाएं संतोषजनक नहीं रहीं। इस अव्यवस्था को लेकर एक जनप्रतिनिधि ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त की। अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद और विधायक की सहभागिता पहले से सुनिश्चित थी, तो व्यवस्थाएं उच्चस्तरीय और अनुशासित होनी चाहिए थीं, लेकिन यहां गंभीर लापरवाही देखने को मिली, जो स्वीकार्य नहीं है। यह घटना न केवल विद्यालय प्रशासन की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगाती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि शासकीय कार्यक्रमों में जवाबदेही और व्यवस्था के प्रति अपेक्षित गंभीरता का अभाव बना हुआ है। अब आवश्यकता इस बात की है कि संबंधित अधिकारियों की भूमिका की समीक्षा की जाए और भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

#### जनपद अध्यक्ष जालम सिंह पटेल ने फहराया तिरंगा, परेड की सलामी ली

## 77 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास व उमंग के साथ मनाया




**अनोखा तीर, सोहागपुर।** नगर में 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास व उमंग के साथ मनाया गया। नगर के पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय परिसर में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में जनपद पंचायत अध्यक्ष जालम सिंह पटेल ने झंडा वंदन कर परेड की सलामी ली तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन किया। जनपद अध्यक्ष जालम सिंह पटेल ने मुख्यमंत्री के संदेश वाचन के पश्चात गुब्बारे हवा में मुक्त विचरण के लिए छोड़े। तत्पश्चात परेड दलों द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट का प्रदर्शन किया गया। जनपद अध्यक्ष पटेल ने परेड दल नायकों से परिचय प्राप्त किया। मुख्य समारोह में नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष राघवेंद्र रघुवंशी, एसडीएम प्रियंका भल्लावी, तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े, शिक्षा विभाग की सहायक संचालक एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार उइके, बीआरसी राकेश रघुवंशी सहित गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण एवं अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद थे। कार्यक्रम का मंच संचालन होलपुष्कर माध्यमिक विद्यालय के प्रचार रामकिशोर दुबे ने किया। कार्यक्रम में एकरुपता के साथ स्कूली बच्चों ने शानदार पीटी का प्रदर्शन किया। पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति विद्यालय के सीनियर एवं जूनियर डिवीजन के एनसीसी कैडेट, एसजेएल स्कूल के एनसीसी कैडेट, स्काउट गाइड के परेड दलों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष पटेल ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

#### जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं एसडीएम ने बच्चों के साथ किया विशेष मध्यान भोजन

गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय स्कूल में बच्चों को विशेष मध्यान भोजन दिया गया। रामकिशोर झरबड़े, विकासखंड शिक्षा अधिकारी राकेश ऊईके एवं राकेश रघुवंशी ने शासकीय उमा विद्यालय बारंगी पहुंचकर यहां स्कूली बच्चों के साथ विशेष मध्यान भोजन ग्रहण किया। भोजन में खीर, पुरी, सब्जी, नमकीन एवं मिष्ठान परोसा गया। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं शिक्षकों एवं पत्रकारों ने भी उपस्थित रहकर विशेष मध्यान भोजन ग्रहण किया।

#### नगर के शासकीय और अशासकीय संस्थाओं में हुआ झंडा बंधन

सोहागपुर विकासखंड के मुख्य कार्यक्रम से पहले नगर के सभी शासकीय और अशासकीय संस्थाओं में झंडा बंधन किया गया। नगर के अनुविभागी अधिकारी ( राजस्व ) एवं सेमरी हायचंद की कृषि उपज मंडी कार्यालय में एसडीएम प्रियंका भल्लवी द्वारा झंडा वंदन किया गया। जनपद पंचायत कार्यालय में जनपद अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय बीईओ राकेश उइके, जनपद शिक्षा केंद्र में बीआरसी राकेश रघुवंशी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीएमओ डॉ. रेखा सिंह गौर, कृषि विभाग में काशी विस्तार अधिकारी सुनील बर्डे, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में एसडीओ यतेंद्र छारी, सेंट पैट्रिक स्कूल में फादर दिलीप मिंज, ज्ञान सागर स्कूल में प्राचार्य कविता पटेल, आदर्श स्कूल में प्राचार्य संदीप यादव, सहित सभी शासकीय आशा की विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि द्वारा झंडा वंदन किया गया।

## आनंद उत्सव अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

#### अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा



**अनोखा तीर, सोहागपुर।** आम जनता के लिए मध्यप्रदेश सरकार की ओर से आनंद से परिचित कराने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इसी तारतम्य में जनवरी 2026 में मकर संक्राति 14 जनवरी से 28 जनवरी 2026 तक आनंद उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नगर परिषद में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

#### इस प्रकार रहे प्रतियोगिताओं के नतीजे

100 मी. बालक दौड़ में गांधी शाला के नीरज कुशवाहा ने प्रथम स्थान, यशराज मिस्त्री ने द्वितीय स्थान एवं सांदीपनी विद्यालय के इंद्रेश मौर्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 100 मीटर बालिका दौड़ में प्रथम स्थान सुहाना भन्नारिया, द्वितीय स्थान रघुवंशीपूरा स्कूल की छात्रा आराध्या एवं तृतीय स्थान गांधी शाला स्कूल की छात्रा खुशबू प्रजापति ने प्राप्त किया। अधिकारी-कर्मचारी वर्ग की 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान जनपद पंचायत सीईओ प्रबल अरजरिया, द्वितीय स्थान नगर परिषद सोहागपुर के दीपक डोंगरे एवं तृतीय स्थान सांदीपनी स्कूल के शिक्षक रामसागर प्रजापति ने प्राप्त किया। बोरा दौड़ में प्रथम स्थान मातपुरा स्कूल के मोहम्मद बिलाल, द्वितीय स्थान विग्नेश पस्तरिया, तृतीय स्थान रघुवंशीपुरा स्कूल के सिद्धांत ठाकुर ने प्राप्त किया। वहीं बोरा दौड़ के बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पीएम श्री कन्या शाला की छात्रा संध्या पटेल ने, द्वितीय स्थान गांधी शाला की सुहाना एवं तृतीय स्थान पीएम श्री कन्या शाला की आशा ठाकुर ने प्राप्त किया। चम्मच दौड़ में प्रथम स्थान जनपद पंचायत सीईओ प्रबल अर्जरिया ने प्राप्त किया। वहीं द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर कोई भी नहीं पहुंच सका। चम्मच दौड़ बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पीएम श्री कन्या शाला की छात्रा रुक्मणी ने, द्वितीय स्थान रोशनी परमार एवं तृतीय स्थान भाग्यश्री मेहरा ने प्राप्त किया।

## जीनियस प्लानेट में गणतंत्र दिवस पर हुए रंगारंग कार्यक्रम



**अनोखा तीर, इटारसी।** स्थानीय जीनियस प्लानेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पूरे जोश और उल्लास से 77 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस समारोह में अतिथि के रूप में श्रीमती राधा दयाल, श्रीमती अजिता शुक्ला, श्रीमती प्रीति दुबे, श्रीमती रेणु कोहली, श्रीमती कुमुद बाजपेई ने उपस्थित होकर तिरंगा फहराया। इस अवसर पर स्कूल संरक्षक यूनिस सिद्दीकी, स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के सुनील सचान, स्कूल पीटीए अध्यक्ष सर्वजीत सिंह सैनी, राकेश दुबे, हैप्पी थाटस फाउंडेशन की पूनम गुरुवानी, मनीषा बिजलानी, निशा चतुर्वेदी, लायंस समर्पण अध्यक्ष मनोज गुप्ता, सचिव अनिल साहू, नवल चौहान, मनोज गालर, लायंस पंख से जया गांधी, वनिता अग्रवाल, पूनम शर्मा के साथ ही स्कूल की अन्य कमेटी सदस्य धर्मिशा यादव, पल्लवी सिंह के साथ ही कई अभिभावक मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत संचालकद्व जाफ़र मनीता सिद्दीकी द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीतों पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। साथ ही कुछ विद्यार्थियों द्वारा गणतंत्र दिवस पर अपने विचार रखे गए। विद्यार्थियों द्वारा मां तू याद आती है, धरती मां को बचाओ, जय जवान जय किसान और महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप की प्रस्तुतियों ने खूब वाह वाही लूटी। साथ ही कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों के लिए फेंसी ड्रेस हुआ। जिसमें 183 विद्यार्थियों ने भागीदारी की।

पहली थीम गॉड की रही जिसमें बच्चे राम, लक्ष्मण, हनुमान, मां काली आदि भगवान रूप के साथ ही फ्रीडम फाइटर, समाज के हेल्पर, प्रकृति थीम पर बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। अतिथियों ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और स्टेज पर दी गई प्रस्तुति की सराहना करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उपस्थित अतिथियों द्वारा कार्यक्रम ने भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरुष्कार वितरित किए गए। उपस्थित सभी जनों का आभार संचालक मनीता सिद्दीकी ने व्यक्त किया एवं कार्यक्रम का संचालन विद्यार्थियों द्वारा किया गया।

### एनसीसी कैडेट पूनम धुर्वे ने आरडीसी दिल्ली में किया महाविद्यालय का नाम रोशन

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** स्थानीय शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट्स ने लगातार दूसरे वर्ष अपनी सफलता का परचम लहराया है। जनवरी 2026 में आयोजित आरडीसी परेड दिल्ली में महाविद्यालय की सीनियर अंडर ऑफिसर पूनम धुर्वे ने सहभागिता कर उत्कृष्ट प्रदर्शन



किया। पूनम धुर्वे एक ग्रामीण क्षेत्र की बेटी हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर आरडीसी जैसी प्रतिष्ठित परेड में स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि से महाविद्यालय सहित पूरे जिले में हर्ष का माहौल है। महाविद्यालय की प्राचार्य कामिनी जैन ने पूनम धुर्वे एवं समस्त एनसीसी कैडेट्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट निरंतर मेहनत और अनुशासन का उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। कैडेट्स का नियमित रूप से नेशनल कैंप, फायरिंग कैंप एवं आरडीसी जैसे आयोजनों में चयन होना गर्व का विषय है। यह दूसरा वर्ष है जब महाविद्यालय की कैडेट्स का चयन आरडीसी परेड के लिए हुआ है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय की पूर्व एनसीसी कैडेट्स आज विभिन्न विद्यालयों में खेल शिक्षक के रूप में सेवाएं दे रही हैं, वहीं कई कैडेट्स का चयन मध्यप्रदेश पुलिस में भी हो चुका है। यह दर्शाता है कि एनसीसी छात्राओं के व्यक्तित्व निर्माण और करियर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



## महाविद्यालय में शान से लहराया तिरंगा

**अनोखा तीर, माखन नगर।** स्थानीय श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय में 26 जनवरी 2026 को 77वां गणतंत्र दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में ध्वजारोहण प्राचार्य डॉ. नीता चौबे द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सुरेश अग्रवाल अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, विशिष्ट अतिथि अमित गोलछा, अटल खंडेलवाल, लायंस क्लब से दीपक वर्मा एवं संजय वर्मा के साथ समस्त संकाय सदस्य एवं उपस्थित रहे। राष्ट्रगान के उपरांत एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट आईएस कनेश द्वारा परेड करवाई गई। विदित हो कि गणतंत्र दिवस की तैयारी के लिए एनएसएस के छात्र-छात्राओं द्वारा रासेयो अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र सिंह चौहान, डॉ. कविता दुबे के निर्देशन में महाविद्यालय परिसर को सुंदर एवं आकर्षक बनाया गया था। महाविद्यालय कार्यक्रम के उपरांत रासेयो अधिकारी द्वारा गोद ग्राम शुक्करवाडा का दौरा किया गया। वहां के स्कूल के गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में सहभागिता की तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, सहायक सचिव, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक के साथ बड़ी संख्या में ग्राम वासी तथा स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना के आगामी एक दिवसीय शिविर की भी योजना बनाई। गोद ग्राम दौरे में डॉ. मनीष शर्मा एवं दल नायक स्वस्तिक रावत ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## सार-समाचार

### 10वीं-12वीं में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**अनोखा तीर, कांटाफोड़।** नगर के उमर सेवा समिति उमर फाउंडेशन द्वारा स्थानीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पांच बालक एवं बालिकाओं का सम्मान किया गया। जिसमें तीन बालिका व दो बालक शामिल थे। वहीं स्थानीय नगर परिषद में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम हुए। जिसमें बालक-बालिकाओं द्वारा तरह-तरह के देश भक्ति प्रस्तुती के दौरान भी उमर फाउंडेशन कांटाफोड़ ने सम्मान किया। बताया गया कि यह कार्य बच्चों को और आगे बढ़ाने में सहयोग एवं मोटिवेट करेगा। कार्यक्रम में फाउंडेशन से अध्यक्ष सोनू खान, उपाध्यक्ष अमित शाह, सचिव अफजल शानी, सस शहीद ठेकेदार, शाहरुख ठेकेदार, आबिद शाह, अमजद शाह, शहीद लाला, सिद्दकी खान, नौशाद खान, महमूद खान उपस्थित रहे।



### विधायक ने व्यासपीठ का पूजन कर लिया आशीर्वाद

**अनोखा तीर, कांटाफोड़।** क्षेत्रीय विधायक मुरली भंवरा ने पूर्व विधायक गणपत पटेल के निवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचकर व्यासपीठ का पूजन किया। विधायक मुरली भंवरा ने कहा कि भगवान की



कृपा से पटेल परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा हम सभी श्रद्धालुओं को श्रवण करने को मिल रही है। ऐसे धार्मिक आयोजन होते रहने से हमारी धर्म और संस्कृति के प्रति आस्था निरंतर जाग्रत रहती है। विधायक ने पूर्व विधायक गणपत पटेल का भी दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुनील पटेल, ओमप्रकाश गोमलाडू सहित बड़ी संख्या मे श्रृद्धालु उपस्थित थे।

### गणतंत्र दिवस पर शान से लहराया तिरंगा

**अनोखा तीर, चिचोली।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शान से लहराया तिरंगा। नगर में मुख्य कार्यक्रम स्थल नगर परिषद कार्यालय में नगर परिषदअध्यक्ष श्रीमती वर्षा रितेश मालवीय द्वारा ध्वजारोहण संपन्न किया गया। इस अवसर पर श्रीमती मालवीया द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया। जय स्तंभ चौक पर सेनानी परिवार के उत्तराधिकारी अनिल सिंह कुशवाहा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तहसील कार्यालय में तहसीलदार, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में अध्यक्ष विजय आर्य, एनएसयूआई का इदरीश खान, आर्य समाज में अध्यक्ष रोहित आर्य, कांग्रेस सेवा दल का अंकुर माचीवार, तहसील पत्रकार संघ का पत्रकार सुरेंद्र बावने, बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख समिति का अध्यक्ष मुकेश मालवीय, तपश्री क्लब का जयप्रकाश राठौर, उत्कृष्ट विद्यालय में प्राचार्य श्री किंकर द्वारा, कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रभारी प्राचार्य आरएस माली, कलचुरी कलार समाज ध्वज स्तंभ पर महेश चंद्र आर्य, बस स्टैंड प्राथमिक शाला में नगर परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती वर्षा आवलेकर, जनपद पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती काकोड़िया, भाजपा कार्यालय में अध्यक्ष अमन आवलेकर, ग्रामीण क्षेत्रों में, पंचायतों में सरपंचों द्वारा ध्वजारोहण किया गया।




### जिले में उल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

**अनोखा तीर, देवास।** जिले में 77वें गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय पर पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित मुख्य समारोह में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने झंडावंदन कर सलामी ली। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सुसज्जित वाहन पर सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। परेड निरीक्षण वाहन में पुलिस अधीक्षक पुनित गेहलोद भी उपस्थित थे। परेड निरीक्षण उपरांत कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। इसके बाद सशस्त्र बलों द्वारा तीन बार हर्ष फायर किए गए। हर्ष फायर उपरांत परेड कमांडर रणजीत ठाकुर के नेतृत्व में आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। उन्होंने परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। मार्च पास्ट के उपरांत रंग-



बिरंगे गुब्बारे को खुले आसमान में छोड़े। कलेक्टर ऋतुराज सिंह स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र के प्रहरी एवं शहीदों के परिवारजनों का सम्मान किया। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, झांकियों का प्रदर्शन एवं पुरस्कार वितरण किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में महारानी राधाबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को प्रथम, बीसीएम देवास को द्वितीय तथा होली ट्रिनिटी स्कूल देवास को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्षिप्रा को प्रोत्साहन पुरस्कार मिला। शस्त्र सहित परेड में सीआईएसएफ बीएनपी देवास को प्रथम, जिला पुलिस बल पुरुष देवास को द्वितीय, जिला होमगार्ड को तृतीय पुरस्कार मिला। शस्त्र रहित परेड में एनसीसी सिनियर केपी कॉलेज को प्रथम, एनसीसी जूनियर उत्कृष्ट विद्यालय देवास को दूसरा स्थान, एनसीसी जूनियर शासकीय महारानी चिमनाबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को तृतीय स्थान मिला। नगर सेना बैंड को प्रोत्साहन पुरस्कार मिला। कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष श्रीमती लीला अटारिया, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, डीएफओ अमित सिंह, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया, एएसपी ट्राफिक एचएन बॉथम, कलेक्टर सुश्री अंशु जावला, एसडीएम अभिषेक सिंह, डिप्टी कलेक्टर सुश्री ऋतु चौरसिया, नगर निगम सभापति रवि जैन, भेरूलाल अटारिया सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण। जिला अधिकारीगण, कर्मचारीगण, पत्रकारगणों के अलावा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अरविंद त्रिवेदी एवं श्रीमती स्वेता विवेक काकड़े ने किया।

# गणतंत्र दिवस पर विभिन्न स्थानों पर किया गया झंडावंदन

- **नगर परिषद में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम**

**अनोखा तीर, कांटाफोड़।**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर झंडावंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां शक्ति स्थल पर कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे कांग्रेस नेता पीसीसी सदस्य मनोज होलानी ने झंडावंदन किया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष राजाराम यादव, श्रीनिवास तिवारी, मुकेश राठौर, ब्रजमोहन तिवारी, निर्मल पुरोहित, शिव परमार, अर्पित जायसवाल, ललित सोनी, आनंद पटेल, मोहन सौलंकी, बलराम राठौर, दीपक साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे। मुखर्जी चौक पर पूर्व विधायक गणपत पटेल, नगर अध्यक्ष सुशील पसारी, सत्यनारायण तिवारी बंधु, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य प्रदीप डाबी, पुरूषोत्तम बियाणी, संतोष चौबे की उपस्थिति में झंडावंदन किया। कार्यक्रम का संचालन कपिल राठौर ने किया।



नगर परिषद द्वारा गांधी चौराहे पर एवं नगर परिषद प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष कैलाश अमोदिया, सीएमओ मुकेश चौबे ने झंडावंदन किया। थाना परिसर में थाना प्रभारी सुरेखा निमोदा वन परिक्षेत्र कार्यालय में परिक्षेत्र अधिकारी विधि सिरोलिया ने झंडावंदन किया। दी सुजान पब्लिक स्कूल में दलजीत सिंह भाटिया, सुखवीर सिंह भाटिया, आईपीएस प्ले स्कूल में युवराज पटेल, एसजीएम एकेडमी में केके बघेल, महर्षि गौतम विद्यालय में अर्चना शर्मा, बीके शर्मा ने झंडावंदन किया।

# श्री विश्वकर्मा मंदिर में भव्य भजन संध्या का आयोजन

- **राजस्थान के प्रसिद्ध भजन गायक जयप्रकाश जांगीड़ देंगे प्रस्तुति**

**अनोखा तीर, नेमावर।**

भगवान विश्वकर्मा जी के पावन जन्मोत्सव के अवसर पर नेमावर के श्री विश्वकर्मा मंदिर में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में राजस्थान के प्रसिद्ध भजन गायक जयप्रकाश जांगीड़ भजनों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम 30 जनवरी को शाम 7 बजे से आरंभ होगा, जिसमें उपस्थित श्रद्धालु भगवान विश्वकर्मा की महिमा में भजन कीर्तन का आनंद लेंगे। आयोजक श्री जांगीड़ ब्राह्मण मारवाड़ी विश्वकर्मा समाज ने सभी श्रद्धालुओं, भक्तों, ग्राम वासियों तथा आसपास के लोगों को सादर आमंत्रित किया है। समाज ने अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्मलाभ अर्जित करें तथा आयोजन को सफल बनाएं। यह भजन संध्या विश्वकर्मा जन्मोत्सव के अवसर पर एक आध्यात्मिक उत्सव के रूप में आयोजित की जा रही है, जिसमें भक्ति, संगीत तथा सामाजिक एकता का समन्वय देखने को मिलेगा।

# युवा बोले-हमें बांटने का प्रयास कर रही सरकार

## - यूजीसी कानून को लेकर सभी समाज के युवा हुए एकजुट, सौंपा ज्ञापन

**अनोखा तीर, बैतूल।**

यूजीसी कानून के लोगू होते ही पूरे देश में इसको लेकर आंदोलन हो रहें हैं। ऐसे में बैतूल में भी सर्व समाज बैतूल द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को यूजीसी कानून को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने की मांग को लेकर सौरभ सिंह राघव के नेतृत्व में सैंकड़ों युवाओं ने कलेक्टर बैतूल ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में आशीष साहू और सौरभ सिंह राघव ने कहा कि सभी विद्यार्थियों का उठना-बैठना और यहां तक कि एक साथ खाना भी हर जाति-वर्ग के लोगों के साथ होता है। हमने हमेशा बराबरी में जीना सीखा है, न कि बंटवारे में। आज जब समाज धीरे-धीरे एक हो रहा है, तब ऐसे कानून लाकर फिर से जाति का जहर घोलने की कोशिश क्यों? ऐसे काले कानून समाज को जोड़ते नहीं, बल्कि फिर से जाति-धर्म के आधार पर बांटने का काम करते हैं।

**क्या है यूजीसी कानून-** अधिवक्ता कलश दीक्षित और अधिवक्ता रजनीश जैन ने बताया कि नए काला कानून यूजीसी के तहत अब उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले एससी, एसटी और ओबीसी छात्र जातिगत भेदभाव की शिकायत सक्षम प्राधिकारी के समक्ष दर्ज करा सकेंगे। यह रेगुलेशन 15 जनवरी 2026 से देशभर के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में प्रभावी हो गया है। इसके साथ ही यूनिवर्सिटी स्तर पर एक समानता समिति गठित की जाएगी। इसमें ओबीसी, महिला, एससी, एसटी और दिव्यांग वर्ग के प्रतिनिधियों को सदस्य के रूप में शामिल करना जरूरी होगा। यह समिति हर छह महीने में अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी और उसे यूजीसी को भेजना अनिवार्य होगा। इनका पालन न करने पर संस्थान को डिग्री या कार्यक्रम प्रदान करने से रोकने जैसे दंड का सामना करना पड़ सकता है। रफी अहमद और आशीष देशमुख ने बताया कि यूजीसी के रेगुलेशन के लागू होने के बाद अगड़ी जातियों में असंतोष और आक्रोष व्याप्त है। क्योंकि इस नियम का दुरुपयोग होगा, इसके जरिए अगड़ी जातियों के छात्रों को झूठे मामलों में फंसाया जाएगा। साथ ही यह युवाओं के



सामंजस्य और भाईचारे के बीच खाई पैदा सकती है। इस बिल के पीछे इसके पीछे सत्ताधारी दल की वोट बैंक की ओछी मानसिकता स्पष्ट दर्शित होती है।

**कानून नहीं वापस लिया तो चुनाव में नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहना-** प्रमेश राजपूत और विनीत गोठी ने मांग की गई है कि इस काले कानून को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाए, अन्यथा सभी समाज के युवा सड़कों पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। साथ ही आपके दल को इसका परिणाम चुनाव में भुगतना पड़ेगा।

### सभी समाज एकजुट, बोले हमें बांटने का प्रयास

इस कानून का लेकर सभी समाज के युवाओं में गुस्सा देखा गया ज्ञापन सौंपते समय सभी समाज के युवा जिनमें सौरभ सिंह राघव, पंकज मिश्रा, आशीष साहू, रफी अहमद, आशीष देशमुख, कलश दीक्षित, विनीत गोठी, रजनीश जैन, प्रणय मरोठी, मुकुल परसैय्या, दीपक पवार, सागर रिखे, सुजुय पौनीकर, डब्बु ठाकुर, पियुष अग्निहोत्री, शक्ति अग्रवाल, गौरव चिंचोले, राहुल मिश्रा, बिट्टु ठाकुर, निक्की ठाकुर, पिंटु बिंजवे, मनोज तिवारी, मयुर चौहान, सीएस गुजराती, प्रमेश राजपूत, उज्जवल प्रताप सिंह ठाकुर, संजीत सिंह, सुनील मालवीय, प्रमोद गुलबांके, पुलकित तिवारी, सचिन जैन, प्रदीप तिलंते आदि मौजूद थे।

# मातमौर जैन तीर्थ में बसाहट और मांस-मदिरा का विरोध, सकल जैन समाज ने दिया ज्ञापन

**अनोखा तीर, देवास।** जिले के चापड़ा में स्थित मातमौर जैन तीर्थ में बसाहट के लिए प्रस्तावित पट्टे वितरण ओर तीर्थ क्षेत्र के आस पास मांस-मदिरा की बिक्री के विरोध में सकल



जैन समाज ने जैन समाज सामाजिक संगठन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया कि मातमौर स्थित प्रसिद्ध श्री त्रिभुवन भानु पार्श्वनाथ - श्री मणिभद्र वीर जैन तीर्थ, मातमोर तहसील बागली, जिला देवास एक अति प्राचीन तीर्थ और श्रद्धा का केंद्र है, जहां की पवित्रता को लेकर वर्तमान में समाज में भारी चिंता व्याप्त है। मातमौर जैन तीर्थ के समीप की भूमि पर पट्टा वितरण प्रस्तावित है। जानकारी के अनुसार, इन क्षेत्रों में मुर्गी पालन एवं बकरी पालन जैसी गतिविधियों की योजना है, जो कि एक अहिंसक जैन तीर्थ की मर्यादा के पूर्णतः विरुद्ध है। तीर्थ के समीप वर्तमान में भी मांस एवं मदिरा की दुकानें संचालित हो रही हैं। यदि यहां मांसाहारी एवं व्यसन प्रधान आबादी को बसाया जाता है, तो इससे क्षेत्र का सात्विक वातावरण दूषित होगा। तीर्थ क्षेत्र में निरंतर जैन साधु-संतों का प्रवास रहता है और हज़ारों दर्शनार्थी यहां दर्शन के लिए आते हैं। प्रस्तावित पट्टा वितरण से यहां भय, अशांति और असुरक्षा का माहौल निर्मित होगा, जिससे श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचेगी। ज्ञापन में मांग की गई कि मातमौर तीर्थ क्षेत्र के आसपास प्रस्तावित पट्टा वितरण प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। तीर्थ क्षेत्र की सीमा के भीतर मांस-मदिरा की दुकानों एवं पशुवध केंद्रों को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाए।

क्षेत्र को पवित्र क्षेत्र घोषित कर इसकी प्राचीनता और सात्विकता को संरक्षित किया जाए। तीर्थ क्षेत्र के 500 मीटर के दायरे को पूर्णतः शाकाहारी और व्यसन मुक्त क्षेत्र घोषित किया जाए। ज्ञापन का वाचन संगठन सचिव दिलीप चौधरी ने किया। ज्ञापन देने पधारे सभी ट्रस्ट मंडल और समाजजनों का संगठन उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी ने आभार माना। उक्त जानकारी संगठन अध्यक्ष महावीर जैन ने दी।

### खड़ला पंचायत में अटल ई-सेवा केंद्र का शुभारंभ

# ग्रामीणों को एक ही छत के नीचे मिलेंगी दर्जनों सेवाएं

**अनोखा तीर, बैतूल।**

बैतूल तहसील की ग्राम पंचायत खड़ला में सोमवार को अटल ई-सेवा केंद्र का भव्य शुभारंभ किया गया। केंद्र के संचालक कमलेश हजारे ने बताया कि खड़ला पंचायत भवन में शुरू हुए इस केंद्र के जरिए अब ग्रामीणों को सरकारी से लेकर निजी क्षेत्र की महत्वपूर्ण सेवाएं गांव में ही उपलब्ध हो सकेंगी। डिजिटल सुविधा बढ़ाने और ग्रामीणों को समय-सुविधा की बचत करवाने के उद्देश्य से यह केंद्र शुरू किया गया है। इसके माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग, बीमा, सरकारी दस्तावेज सहित कई सेवाएं बिना शहर गए ही मिल सकेंगी। उन्होंने बताया कि अटल ई-सेवा केंद्र के शुरू होने से खड़ला और आसपास के ग्रामीणों को अब डिजिटल सेवाओं के लिए शहर का सफर नहीं करना पड़ेगा। शिक्षा एवं कौशल विकास, डिजिटल साक्षरता, ऑनलाइन पाठ्यक्रम, शैक्षणिक सेवाएं, कौशल प्रशिक्षण, स्वास्थ्य एवं बीमा सुविधाएं, टेलीमेडिसिन, बेसिक स्वास्थ्य जांच, दवाइयों की सुविधा जीवन, स्वास्थ्य, मोटर और फसल बीमा, सरकारी सेवाएं, आधार, पैन और पासपोर्ट, समग्र आईडी, सरकारी नौकरी के आवेदन, राशन कार्ड से जुड़ी सेवाओं के अलावा ऑनलाइन बिल भुगतान, टिकट बुकिंग ऑनलाइन एफआईआर पंजीकरण की सुविधा होगी।



# संत की सेवा में समर्पण करने से मानव रूपी तन पवित्र होता है : संत दादा भाई

**अनोखा तीर, खातेगांव।**

संत का और सरिता का आगमन कल्याण के लिए होता है। मां नर्मदा का जन्मोत्सव हम सब के कल्याण के लिए हुआ है। संत का आना निश्चित ही हम सब का परम सौभाग्य है, जगत कल्याण के लिए जो पौधा खातेगांव में दादाजी सेवा भक्त मंडल ने लगाया था आज वह पौधा बट वृक्ष का रूप ले रहा है। संसार में आए हैं तो हमें कल्याणकारी कार्य में आहुतियां प्रदान करना है और इस कार्य को दादाजी पर हित सेवा संस्थान खातेगांव लगातार कर रहा है। उक्त विचार गुरुदेव दादाभाई ने व्यक्त किए। नगर में मां नर्मदा जन्मोत्सव एवं गुरुदेव दादाभाई दादाजी धूनी वाला दरबार शामला हिल्स भोपाल के जन्मोत्सव पर आयोजित सात दिवसीय आयोजन में दादाजी धूनी वाला दरबार भोपाल से गुरुदेव दादा भाई ने खातेगांव पहुंचकर भक्ति श्रद्धालुओं को अपने आशीर्वचन देते हुए कहा कि सरोवर में डुबकी लगाने से मन पवित्र होता है। संत की सेवा में समर्पण करने से यह मानव रूपी तन पवित्र होता है।





दादाजी सेवा भक्त मंडल दादाजी परहित सेवा संस्थान खातेगांव द्वारा चल रही सात दिवसीय नर्मदापुराण कथा में कथा वाचक पं. शुभम कृष्ण शास्त्री ने मां नर्मदा की महिमा का गुणगान करते हुए मां नर्मदा के अमरकंठ से उद्गम स्थल के साथ कपिल धारा, दूध धारा सहित अनेक नर्मदा घाटों की महिमा का गुणगान किया।

**मां नर्मदा को 56 भोग एवं हलवे की प्रसादी की भोग लगाया-** श्री दादाजी धूनी वाला दरबार प्रस्तावित स्थल दादाजी धूनी वाला दरबार खातेगांव पर चल रही नर्मदा पुराण कथा में मां नर्मदा का जन्मोत्सव एवं साधक संत गुरुदेव दादा भाई का जन्मोत्सव भक्त-श्रद्धालुओं ने बड़े ही भक्ति भाव के साथ मनाया। चारों ओर पंडाल को विशेष रूप से सजाया गया एवं बड़े-बड़े निशान ध्वजा लहराए। बैंड-बाजे के साथ गुरुदेव का पंडाल में आगमन हुआ। इस अवसर पर दादाजी परहित सेवा संस्थान की ओर से मां नर्मदा को छप्पन भोग एवं हलवे की महाप्रसादी का भोग लगाया गया। बड़ी संख्या में भक्ति श्रद्धालुओं ने भंडारे में भोजन प्रसादी ग्रहण की। पंडाल में संत श्री दादाभाई का भक्त लोगों ने स्वागत-सम्मान कर श्रीफल भेंट किया। गुरुदेव ने भक्त श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया।



**मां नर्मदा को साधक संत दादा भाई ने अर्पित की चुनरी-** नर्मदा जन्मोत्सव पर गुरुदेव दादा भाई ने मां नर्मदा के नाभि तीर्थ क्षेत्र नेमावर पहुंचकर मां नर्मदा की आरती-पूजन कर भोग लगाकर मां नर्मदा के नाभि तीर्थ क्षेत्र में नर्मदा मैया को चुनरी अर्पित की। इस अवसर पर भागवत आचार्य पं. शुभम कृष्ण शास्त्री उज्जैन सहित दादाजी परहित सेवा संस्थान के भक्ति श्रद्धालु भी उपस्थित थे।

### गुरुदेव दादा भाई का नागरिक अभिनंदन किया

आदर्श विहार कॉलोनी में गुरुदेव दादा भाई का ओम हलवाई राजस्थानी परिवार की ओर से नागरिक अभिनंदन किया गया। सर्वप्रथम ओम जी के परिजनों ने गुरु पूजन कर गुरुदेव के चरण पखारे और शाल-श्रीफल से नागरिक अभिनंदन किया।

**स्वामी,** प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल,म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। **प्रधान संपादक** सुरेश लोहाना / **संपादक** प्रहलाद शर्मा / **प्रबंध संपादक** महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। **सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।**




# छोटीहरदा और लवरास की बैलजोड़ी ने जीता पहला इनाम

● प्रतियोगिता में 63 बैलजोड़ी ने लिया हिस्सा ● देर रात को दौड़ का फाइनल मुकाबला हुआ

अनोखा तीर, हरदा।

गणतंत्र दिवस तथा दौड़ प्रेमी पूर्वजों की पुण्य स्मृति में सोमवार को खिलता कमल बैलगाड़ी दौड़ महोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में दौड़प्रेमी एवं किसान प्रतियोगिता देखने पहुंचे। बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता में राजू जेवल्या छोटीहरदा और अभिषेक बाता लवरास की बैलजोड़ी ने पहला इनाम प्राप्त किया। दूसरा इनाम ओम पटेल कायागांय एवं हरि पटेल उमरिया की बैलजोड़ी ने जीता है। इसी प्रकार राजू जेवल्या छोटीहरदा एवं रोहित पटेल भोनखेड़ी की बैलजोड़ी ने तीसरा तथा राघव पटेल बनाडा एवं पूनम मांजू की बैलजोड़ी ने चौथा इनाम हासिल किया है। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला देर रात को हुआ। इस दौरान चकिल के दोनों तरफ दर्शकों का हुजूम फाइनल देखने के लिए डटा रहा। दौड़प्रेमी विजय जेवल्या ने बताया कि क्षेत्रीय खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मध्य भारत का चर्चित खेल बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता सोमवार को जेवल्या कृषि फार्म फोरलेन बायपास पर संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में 63 बैलजोड़ी ने हिस्सा लिया। जो मध्य प्रदेश की सबसे बड़ी और चर्चित बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता रही। जिसमें बड़ी संख्या में दौड़प्रेमियों ने शिरकत की। श्री जेवल्या ने बताया कि प्रतियोगिता में पहला इनाम राजू जेवल्या छोटीहरदा और अभिषेक बाता लवरास की बैलजोड़ी ने 101111 रुपए जीता, दूसरा इनाम ओम पटेल कायागांव और हरि पटेल उमरिया की बैलजोड़ी ने 61111 रुपए जीता, तीसरा इनाम राजू जेवल्या छोटीहरदा और रोहित सिरोही भोनखेड़ी की बैलजोड़ी ने 31111 रुपए जीता, चौथा इनाम राघव पटेल बनाडा और और पूनम मांजू की बैलजोड़ी ने 21111 रुपए जीता है। जबकि पांचवा, छठवां, सातवां, आठवां ओर नौवा इनाम जीतने वाली गाड़ियों को 5100 रुपए दिया गया। जिनमें अखिलेश पटेल सालाबेडी, अखिलेश पटेल बरछा, पूनम गीला नीमगांव, ऋषि पटेल सालाबेडी, मानवी पटेल देवतालाब, सौरभ सारण कुंडगांव शामिल हैं। प्रतियोगिता में वीसील मास्टर श्याम भाई नकतराखापा रहे। वहीं शिवरतन पप्पू पटेल रुंदलाय एवं सत्यनारायण बाबल टेमलाबाडी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता के इनाम स्वर्गीय हरनाथ पटेल डूडी राताातलाई की स्मृति में संदीप पटेल जिला अध्यक्ष ओलम्पिक संघ द्वारा प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री कमल पटेल, नर्मदापुरम सांसद दर्शन सिंह चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, पूर्व मंडी अध्यक्ष प्रहलाद पटेल, संदीप पटेल समेत भाजपा के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।
















































